मौसम

| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 36 |
| आर्द्रता | 90% |
| सूर्योदय: 05:16 | सूर्यास्त: 17:56 |

बुधवार, 15 अप्रैल 2026

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।


Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार, छः और सात पर

कोलकाता, वैशाख कृष्णपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 12, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : ख़ुद को किताब की समस्याओं में डुबाना प्यार के बारे में सोचने से बचने का अच्छा तरीक़ा है।








## बंगाल के लिए दीदी का उपहार



**लक्ष्मी की जय, स्वनिर्भरता अक्षय**

लक्ष्मी भंडार में ₹५०० की मासिक बढ़ोतरी,
सामान्य महिलाओं के लिए ₹१,५०० प्रति माह (₹१८,००० सालाना)
SC/ST महिलाओं के लिए ₹१,७०० प्रति माह (₹२०,४०० सालाना)



**युवाओं के साथ, रोजगार का भरोसा**

बेरोज़गार युवाओं को 'बांग्लार युवा-साथी' योजना के तहत ₹१,५०० प्रति माह (₹१८,००० सालाना) आर्थिक सहायता



**बजट में कृषि, खुशहाल किसान**

किसान परिवारों को लगातार सहायता, भूमिहीन किसानों को आर्थिक मदद और कृषि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए ₹३०,००० करोड़ का कृषि बजट



**सुनिश्चित आवास, चिंता का अंत**

बंगाल के हर परिवार के लिए पक्का घर सुनिश्चित



**बुज़ुर्गों के साथ, देखभाल का भरोसा**

सभी मौजूदा लाभार्थियों के लिए नियमित वृद्धावस्था पेंशन जारी रहेगी और धीरे-धीरे सभी पात्र बुज़ुर्गों को इसमें शामिल किया जाएगा

फिर जीतेगा बांग्ला | जो लड़ रही सबकी पुकार पर, वही जिताएगी बांग्ला माँ को

जोड़ा फूल चिह्न पर वोट दें

## महंगाई और स्थिर वेतन के बीच बढ़ी खाई

कोरोना संकट के बाद पटरी पर लौटती वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं को दुनिया के कई भागों में जारी युद्ध व संघर्ष ने फिर पटरी से उतार दिया है। महाशक्तियों की महत्वाकांक्षा मानवता और आम आदमी के जीवन पर भारी पड़ी है। यूक्रेन युद्ध ने दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं और यूरोप की ऊर्जा आपूर्ति को बाधित जरूर किया, लेकिन उसका असर उतना व्यापक नहीं था, जितना खाड़ी युद्ध का रहा है। जाहिरा तौर पर वैश्विक आपूर्ति शृंखला बाधित होने से आम आदमी के जीवन पर बहुत नकारात्मक असर पड़ा है। बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की जीवन शैली व थाली पर गहरा प्रभाव डाला है। अमेरिका के साम्राज्यवादी मंसूबों और इस्राइल की आक्रामकता से उपजे खाड़ी संकट ने एशिया ही नहीं, बल्कि यूरोप, अफ्रीका व अमेरिका की ऊर्जा आपूर्ति शृंखला को संकट में डाल दिया है। संयुक्त राष्ट्र की विफलता के चलते आज दुनिया में 'जिसकी लाठी, उसकी भैंस' वाली कहावत चरितार्थ हुई है। जिसका सीधा असर महंगाई वृद्धि के रूप में सामने आया है। एक ओर ईंधन संकट और उससे बुरी तरह प्रभावित जनजीवन आक्रोश का कारक बना है। विडंबना यह है कि इस महंगाई के बीच कामगारों के वेतन सिकुड़ने लगे हैं। जीवनयापन कठिन होते और कोई समाधान न निकलते देख श्रमिकों का आक्रोश सड़क तक पहुंचने लगा है। सोमवार को उत्तर प्रदेश के नोएडा में फैक्ट्रियों के श्रमिकों द्वारा किया गया हिंसक प्रदर्शन इस संकट की परिणति ही है। वहीं दूसरी ओर हरियाणा की औद्योगिक नगरी मानेसर में भी पुलिस व श्रमिकों के बीच हिंसक झड़पों की खबरें आई हैं। ये टकराव भारतीय औद्योगिक तंत्र की विसंगतियों की ही याद दिलाते हैं। इस तरह के हिंसक संघर्ष हमारी कानून-व्यवस्था की विफलता को भी उजागर करते हैं। वहीं बताते हैं कि श्रमिक वर्ग, उद्योग और राज्य सरकार के बीच कहीं न कहीं संवाद की कमी है। यही वजह है कि वेतन बढ़ाने की मांग के समर्थन में शुरू हुआ मार्च कालांतर आगजनी, तोड़फोड़ व यातायात बाधित करने में तब्दील हो गया।

निश्चित तौर पर समय रहते इस श्रमिक असंतोष को भांपते हुए बेहतर ढंग से संवाद किया जाता तो शायद टकराव की स्थिति पैदा न होती। दरअसल, सरकारों की तरफ से तो कहा जा रहा है कि देश में ईंधन व गैस आपूर्ति में कोई व्यवधान नहीं है, लेकिन जमाखोरी व प्रशासन की उदासीनता से इसकी कालाबाजारी जारी है। श्रमिक वर्ग जो छोटे गैस सिलेंडरों से जीवन-यापन करता था, उसमें व्यवधान पैदा हो गया। नियंत्रित गैस आपूर्ति से छोटे गैस सिलेंडर भरने का धंधा ठप हो गया। शायद सरकारों को भी इस बात का अहसास नहीं था कि कितना बड़ा श्रमिक वर्ग छोटे गैस सिलेंडरों को भरने के काले धंधे पर निर्भर है। यही वजह है कि हिमाचल समेत कई राज्यों में खाना पकाने के संकट के चलते श्रमिकों के घर लौटने के मामले प्रकाश में आए हैं। लेकिन इस संकट को शासन-प्रशासन के स्तर पर गंभीरता से नहीं लिया गया। निर्विवाद रूप से बढ़ती महंगाई और स्थिर वेतन के बीच बढ़ती खाई से अशांति की जड़ें गहरी होती जा रही हैं। औद्योगिक केंद्रों में कामगार पश्चिम एशिया युद्ध के चलते बढ़ी महंगाई के कारण दबाव में अपना गुजारा करने के लिये संघर्ष कर रहे हैं। निस्संदेह, हरियाणा द्वारा न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने का निर्णय इस गंभीर वास्तविकता की स्वीकृति को ही दर्शाता है। लेकिन यह भी हकीकत है कि तात्कालिक उपाय के रूप में बातचीत और शिकायतों का फौरी निवारण कारगर विकल्प नहीं हो सकते। हालांकि, अधिकारी अशांति फैलाने में निहित स्वार्थी तत्वों की भूमिका की जांच कर रहे हैं, लेकिन ये घटनाएं व्यवस्थागत अविश्वास को भी दर्शाती हैं। दरअसल, श्रमिकों का उपेक्षित महसूस करना वातावरण को अस्थिर बनाता है। लेकिन यह एक हकीकत है कि दीर्घकालिक आर्थिक परिवर्तन के लिये विनिर्माण की महत्वाकांक्षाएं स्थिर-प्रेरित कार्यबल के बिना संभव नहीं हैं। औद्योगिक अशांति केवल उत्पादन-निवेश तक ही सीमित नहीं रहती। इससे आपूर्ति शृंखला बाधित होने और निवेशकों का भरोसा कम होने की आशंका भी पैदा होती है। निस्संदेह, आर्थिक प्रगति समावेशी हो। शासन को श्रमिक हितैषी होना चाहिए। विश्वास निर्माण से ही हमारे कारखाने विकास का इंजन बन सकते हैं।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 15 अप्रैल, बुधवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, वैशाख कृष्णपक्ष त्रयोदशी, 22:27 तक, नक्षत्र : पूर्वभाद्रपदा, 15:09 तक, योग : ब्रह्मा, 13:12 तक, सूर्योदय: 05:16, सूर्यास्त: 17:56, चन्द्रोदय : 04:11, चन्द्रास्त: 16:31, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 12:14 से 13:48

## राशिफल

**मेष :** आज आपका दिन थोड़ा कमजोर रह सकता है। परिवार में छोटे-छोटे मनमुटाव हो सकते हैं, इसलिए समझदारी और धैर्य से काम लें। धन संबंधी मामलों में अजनबियों पर भरोसा करने से बचें।

**वृष :** आज का दिन धन के मामले में अनुकूल रहेगा। किसी उम्मीद के काम में आपको सफलता और धन लाभ दोनों मिल सकते हैं। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी और रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी।

**मिथुन :** आज का दिन मिश्रित अनुभवों से भरा रहेगा। लोगों की पहचान करना जरूरी होगा, क्योंकि कुछ दोस्त आपकी राह में रोड़ा अटका सकते हैं।

**कर्क :** आज का दिन अप्रत्याशित लाभ और नई संभावनाएं लेकर आएगा। निर्णय लेने की आपकी क्षमता मजबूत रहेगी। बिजनेस में रुकी योजनाएं लाभदायक साबित होंगी।

**सिंह :** आज नए संपर्क और अवसर आपके लिए लाभ लेकर आएंगे। भाग-दौड़ और जल्दबाजी से बचें, नहीं तो मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

**कन्या :** आज का दिन थोड़े चुनौतीपूर्ण हो सकता है। अधूरे कामों को समय से पूरा करने का प्रयास करेंगे। बिजनेस में पार्टनरशिप की डील फाइनल करने का अवसर मिलेगा।

**तुला :** आज आलस्य को दूर करके आगे बढ़ना आवश्यक है। परोपकार के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। मनोकामना पूरी होने से खुशी का अनुभव होगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन नुकसान और सतर्कता का संकेत देता है। जीवनसाथी से बातचीत में सावधानी रखें। वाद-विवाद और समय पर काम न होने से नुकसान हो सकता है।

**धनु :** आज का दिन मध्यम रूप से फलदायक रहेगा। लेन-देन से जुड़ी समस्याएं हल होंगी। कार्यक्षेत्र में जूनियर्स की मदद लेनी पड़ सकती है। खोई हुई प्रिय वस्तु मिलने की संभावना है।

**मकर :** आज बुद्धि और विवेक से निर्णय लेने का दिन है। खर्च और बचत दोनों पर ध्यान देना आवश्यक है। परोपकार के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। घर में मेहमान का आगमन हो सकता है।

**कुम्भ :** आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। काम में मुश्किलें आ सकती हैं, इसलिए बिना सोचे-समझे कोई कदम न उठाएं। बाहर जाने या यात्रा की योजना बन सकती है।

**मीन :** आज का दिन सोच-समझकर काम करने का है। सेहत पर ध्यान दें और परिवार में पैतृक संपत्ति के वाद-विवाद सुलझ सकते हैं। परिवार के किसी सदस्य से किए वादे को समय पर पूरा करें।

# नोएडा में अशांति फैलाने वाले समूहों के खिलाफ सबूत मिले, शहर में स्थिति सामान्य: डीजीपी

## 300 से अधिक लोग गिरफ्तार, सात प्राथमिकी दर्ज



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने मंगलवार को कहा कि इलेक्ट्रॉनिक और सीसीटीवी फुटेज से मिले सबूत नोएडा में मजदूर आंदोलन के दौरान हिंसा भड़काने में कुछ व्यक्तियों और समूहों की भूमिका की ओर इशारा करते हैं और इन सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। लखनऊ में स्थित पुलिस मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए डीजीपी ने कहा, कुछ व्यक्ति और संगठनों के नाम सामने आए हैं, जिन्होंने स्थिति खराब की। हमारे पास इलेक्ट्रॉनिक सबूत और सीसीटीवी फुटेज हैं, जिनके आधार पर कार्रवाई जारी है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया, डायल 112 और अन्य स्रोतों से लगातार सूचनाएं मिल रही थीं। अधिकारी ने कहा कि फिलहाल नोएडा में स्थिति पूरी तरह सामान्य है। कृष्ण ने कहा, वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और हम उनके संपर्क में हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गठित उच्चस्तरीय समिति का भी जिक्र किया, जिसने नोएडा का दौरा करके हितधारकों से बात की और बाद में श्रमिकों की मांगों के संबंध महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं। उन्होंने कहा कि सरकार श्रमिकों के प्रति संवेदनशील है और वेतन को लेकर त्वरित निर्णय लिए गए हैं, साथ ही श्रमिकों से अपील की गई है कि वे बहकावे में न आएं और शांति बनाए रखें। इस बीच मंगलवार को नोएडा में स्थिति शांतिपूर्ण रही। पुलिस और सुरक्षा बलों ने सुबह से पूरे शहर में फ्लैग मार्च किया। गौतमबुद्ध नगर की पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने बताया कि सोमवार को 83 स्थानों पर करीब 42,000 श्रमिकों ने प्रदर्शन किया, लेकिन हिंसा केवल दो जगहों पर हुई। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया गया। हिंसा के मामले में अब तक 300 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया है और सात प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। आगे की कार्रवाई जारी है। श्रमिकों का आंदोलन शांत होने के बाद मंगलवार को सेक्टर 121 में सैकड़ों घरेलू कामगारों ने एक प्रीमियम हाउसिंग सोसाइटी के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने वेतन बढ़ाने और महीने में चार दिन की छुट्टी समेत अन्य मांगें रखीं। सुबह से दोपहर तक चले प्रदर्शन के दौरान कुछ जगहों पर पत्थरबाजी हुई और कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हुए। स्थिति नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया। डीसीपी (मध्य नोएडा) शव्या गोयल ने बताया कि प्रदर्शन क्लियो काउंटी, गढ़ी चौकंडी, सेक्टर 121 और सेक्टर 70 तक सीमित रहा।

## हम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध: भजनलाल शर्मा

**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार सामाजिक न्याय के सिद्धांतों पर चलते हुए विकास का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है, जैसा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने कल्पना की थी। जयपुर में आंबेडकर की 135वीं जयंती पर आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि ''डबल इंजन सरकार'' समावेशी विकास और समाज के सभी वर्गों के सशक्तीकरण के मंत्र पर काम कर रही है। उन्होंने युवाओं से आंबेडकर के आदर्शों को आत्मसात करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार के कार्यकाल में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के खिलाफ अत्याचार के मामलों में 28 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। सरकारी पहलों को रेखांकित करते हुए उन्होंने शहरी क्षेत्रों में 200 आंबेडकर 'ई-लाइब्रेरी' और जयपुर के मूंडला में आंबेडकर आवासीय कोचिंग केंद्र की स्थापना की घोषणा की।

### मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट के चयन पर प्रशांत किशोर का तंज, कहा-'अब बिहार गुजरात से संचालित होगा

**पटना:** बिहार में नए मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद जन सुराज के प्रमुख प्रशांत किशोर ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मंगलवार को कहा कि अब बिहार ''गुजरात से संचालित होगा।'' किशोर ने एक बयान जारी कर कहा, ''ज्ञान की भूमि बिहार को 'चाल, चरित्र और चेहरा' का दावा करने वाली भाजपा की यह पहली सौगात है कि ऐसे व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाया गया है, जिसका चाल, चरित्र और चेहरा तीनों ही चर्चा का विषय होना चाहिए।'' उन्होंने आरोप लगाया कि अब राज्य को बाहरी प्रभाव से संचालित किया जाएगा। किशोर ने कहा, ''यह नयी भाजपा है, जिसने दिखा दिया है कि अब बिहार को गुजरात से चलाया जाएगा।'' सम्राट चौधरी का नाम लिए बिना तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि यहां व्यक्ति नहीं, बल्कि नियंत्रण महत्वपूर्ण होगा। किशोर ने कहा, ''यहां मुख्यमंत्री बने हैं, व्यक्ति की बात नहीं है।

## जयपुर के परिवहन निरीक्षक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित



**जयपुर:** राजस्थान की राजधानी जयपुर के एक परिवहन निरीक्षक को हाल ही में बेंगलुरु में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार-2026 से सम्मानित किया गया। जयपुर के विद्याधर नगर स्थित क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में तैनात दिनेश सिंह को सड़क सुरक्षा जागरुकता और दुर्घटना निवारण में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें बेंगलुरु में अखिल भारतीय मोटर वाहन विभाग तकनीकी अधिकारी संघ द्वारा आयोजित उत्कृष्टता पुरस्कार-2026 कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें कर्नाटक के परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी द्वारा प्रदान किया गया।

### लड़की से व्हॉट्सएप्प चैट के शक में युवक से अमानवीय बर्ताव, पेशाब पिलाने का आरोप; दो लोग हिरासत में

**जयपुर:** राजस्थान के बाड़मेर जिले में एक युवती से व्हॉट्सएप्प पर बातचीत करने शक में कुछ लोगों के एक समूह ने एक युवक से कथित तौर पर मारपीट की और उसे अपमानित करते हुए पेशाब पीने के लिए भी मजबूर कर दिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, इस मामले में दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। अधिकारी ने बताया कि घटना 26 मार्च को शिव थाना क्षेत्र में हुई थी। थाना प्रभारी सत्यप्रकाश विश्नोई ने बताया कि पीड़ित के परिवार की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा, प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि पीड़ित देवी सिंह (19) की एक लड़की से व्हाट्सऐप पर चैट के कारण दो समूहों के बीच विवाद हुआ और मामला हिंसा तक पहुंच गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश आर्य ने बताया कि आरोपियों ने युवक को इस आरोप में निशाना बनाया कि उसके मोबाइल फोन में एक युवती की तस्वीरें थीं, जिससे वह चैट कर रहा था। उन्होंने कहा, आरोपियों ने उसे पकड़ लिया, मारपीट की, चेहरे पर कालिख पोत दी और उसे पेशाब पीने तथा गंदगी खाने के लिए मजबूर किया।

## इस्तीफे के बाद नीतीश ने राज्य के लोगों का आभार जताया, नयी सरकार को पूरा सहयोग देने का भरोसा दिया



**पटना:** बिहार के निवर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपने के बाद राज्य के लोगों का आभार जताया और नयी सरकार को पूरा सहयोग देने का भरोसा दिया। कुमार ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखे संदेश में कहा, 'आप जानते हैं कि 24 नवंबर 2005 को राज्य में पहली बार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार बनी थी। तब से राज्य में कानून का राज है और हम लगातार विकास के काम में लगे हुए हैं।' उन्होंने कहा, 'सरकार ने शुरू से ही सभी तबकों का विकास किया है चाहे हिंदू हो, मुस्लिम हो, 'अपर कास्ट' हो, पिछड़ा हो, अति पिछड़ा हो, दलित हो, महादलित हो- सभी के लिए काम किया गया है। हर क्षेत्र में काम हुआ है चाहे शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, सड़क हो, बिजली हो, कृषि हो। महिलाओं एवं युवाओं के लिए भी बहुत काम किया गया है।' जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा, 'इन दिनों काम को और आगे बढ़ाया गया है। अगले पांच वर्षों यानी 2025 से 2030 के लिए सात निश्चय-3 का गठन किया गया है। इससे और ज्यादा काम होगा जिससे बिहार काफी आगे बढ़ेगा।' उन्होंने कहा, 'बिहार के विकास में केन्द्र का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का नमन करते हैं। बिहार और तेजी से विकसित होगा और देश के शीर्ष राज्यों में शामिल हो जाएगा तथा देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा।'' नीतीश ने कहा, ''हमने बिहार के लोगों के लिए बहुत काम किया है। इतने दिनों से हमने लगातार लोगों की सेवा की है। हमने तय किया था कि अब मुख्यमंत्री का पद छोड़ देंगे और इसलिए आज मंत्रिमंडल की बैठक के बाद माननीय राज्यपाल से मिलकर उन्हें इस्तीफा सौंप दिया।'

### उत्तर प्रदेश के बलिया में दलित लड़की के अपहरण, बलात्कार के मामले में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**बलिया (उत्तर प्रदेश):** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में 16 वर्षीय दलित लड़की के अपहरण और दुष्कर्म के आरोप में एक व्यक्ति को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, अमेठी जिले के बाजार शुकुल थानाक्षेत्र के निवासी मुन्ना अहमद ने 12 मार्च को लड़की का कथित तौर पर उसके गांव से अपहरण कर लिया था। लड़की के पिता की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), पॉक्सो अधिनियम और एससी/एसटी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। रसड़ा थाने के प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि पुलिस ने सोमवार को लड़की को बरामद कर लिया। पुलिस को दिए बयान में लड़की ने आरोप लगाया कि अहमद ने उसका अपहरण करके दुष्कर्म किया।

## पटना की आधुनिक विरासत: विस्मय और कौतूहल जगाने वाला अनोखा 'एकता भवन' हुआ जमींदोज

**पटना:** आधुनिक युग की विशिष्ट वास्तुकला शैली को दर्शाने वाले आकर्षक डिजाइन से सुसज्जित पटना के लगभग 40 वर्ष पुराने 'एकता भवन' को ध्वस्त कर दिया गया है। यह इमारत स्थानीय लोगों के बीच विस्मय और कौतूहल का केंद्र हुआ करती थी। इसके विशिष्ट अग्रभाग के कारण कई लोगों द्वारा 'सैटेलाइट बिल्डिंग' कहा जाने वाला यह ढांचा शहर के बीचोंबीच गांधी मैदान के पास गंगा के किनारे स्थित था और कुछ सप्ताह पहले इसे ढहा दिया गया, ताकि प्रस्तावित 'पटना हाट' के लिए जगह बनाई जा सके। बिहार सरकार के इस हालिया कदम की संरक्षण वास्तुकारों के एक वर्ग और राजधानी के कई निवासियों ने आलोचना की है। उनका कहना है कि इस इमारत को ध्वस्त करने के बजाय इसे नयी परियोजना में शामिल किया जा सकता था, क्योंकि यह एक 'लैंडमार्क' के रूप में अलग पहचान रखती थी। अभिलेखीय रिकॉर्ड के अनुसार, पटना आयुक्त कार्यालय के सामने स्थित 'इंदिरा गांधी एकता भवन' की आधारशिला नौ सितंबर 1986 को तत्कालीन उपराष्ट्रपति आर. वेंकटरमण ने रखी थी। इस मौके पर उन्होंने भाषण भी दिया था। हालांकि, इमारत की मुख्य संरचना वर्षों में बनकर तैयार हो गई थी, लेकिन आंतरिक सज्जा और अन्य सिविल-इलेक्ट्रिकल कार्यों का काम कभी पूरा नहीं हो सका, जिसके कारण यह ऐतिहासिक अशोक राजपथ पर जिज्ञासा के एक आधुनिक स्मारक के रूप में खड़ी रही। शहर में दूर से साफ दिखाई देने के बावजूद, अधिकांश स्थानीय निवासी इस इमारत के नाम से या तो अनजान थे या उसे याद करने में कठिनाई महसूस करते थे।

## राजस्थान में भीषण गर्मी, बाड़मेर में दर्ज किया गया 41.6 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान

**जयपुर:** राजस्थान में पिछले 24 घंटों में दिन का तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया और कई स्थान पर सामान्य से अधिक तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग के अनुसार राज्य में बाड़मेर में सबसे अधिक 41.6 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.6 डिग्री अधिक है। विभाग ने बताया कि कोटा में 41.5 डिग्री, चित्तौड़गढ़ में 40.8 डिग्री, जैसलमेर और चूरू में 40.5 डिग्री, पिलानी (झुंझुनूं) में 39.3 डिग्री और जयपुर में 38.8 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तामपान दर्ज किया गया। राज्य के कई स्थान पर दिन का तापमान सामान्य से 1 से 2.8 डिग्री अधिक रहा। विभाग ने अगले चार-पांच दिन तक राजस्थान के अधिकांश हिस्सों में शुष्क मौसम रहने और अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की और वृद्धि होने का अनुमान जताया है।

# बाबा साहेब को 'भारत रत्न' न मिले इसके लिए कांग्रेस ने हर प्रकार से षड्यंत्र रचे : योगी



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'भारत रत्न' बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मंगलवार को विपक्षी दलों, खासतौर से कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि बाबा साहेब को 'भारत रत्न' न मिले, इसके लिए कांग्रेस ने 'हर प्रकार से षड्यंत्र रचे।'' योगी आदित्यनाथ ने यहां आंबेडकर महासभा परिसर में बाबा साहेब की 135वीं जयंती पर आयोजित एक समारोह में उनके सिद्धांतों पर आधारित एक स्मारिका का लोकार्पण किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, कांग्रेस ने बाबा साहेब को कभी सम्मान नहीं दिया, चुनाव लड़ने से वंचित करने का प्रयास किया और उन्हें भारत रत्न न मिले, इसके लिए उसने हर प्रकार के षड़यंत्र रचे।' उन्होंने कहा, ''आज वह (कांग्रेस) भी संविधान की प्रति लेकर भले ही घूम रही है, लेकिन इसकी वास्तविकता को समझने की आवश्यकता है। योगी ने कहा, मुझे प्रसन्नता है कि बाबा साहेब की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बड़ा कार्यक्रम अपने हाथ में लिया है। पहले चरण में सभी 75 जिलों में एक-एक स्थान पर और इसके बाद जहां बाबा साहब की प्रतिमाएं सार्वजनिक स्थानों पर हैं, वहां चारदीवारी और छतरी की व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा, 'आज पूरा देश भारत माता के महान सपूत को स्मरण कर रहा है, जिनका जीवन एक भारत-श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करने और गरीबों को न्याय दिलाने के लिए समर्पित था।' उन्होंने कहा, आज हर दलित, वंचित, गरीब और महिला न्याय की अपेक्षा रखती है और उसे बाबा साहेब के विचारों में रोशनी दिखाई देती है। विपक्षी दलों की सक्रियता पर तंज कसते हुए योगी ने कहा, बाबा साहेब के विचारों का जो प्रकाश फैला है, उसे हड़पने के लिए स्वार्थी ताकतें उनके नाम का उपयोग कर रही हैं और घड़ियाली आंसू बहा रही हैं। उन्होंने कहा, ये वही लोग हैं जिन्हें दलितों, वंचितों, महिलाओं और गरीबों से नफरत रही है और जिन्होंने सामाजिक न्याय के पुरोधाओं का अपमान किया। आज वे लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं।

## वर्ग पहेली नं. 3410

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | 6 |
| ■ | | ■ | 7 | | 8 | ■ | 9 | 10 | |
| 11 | | 12 | | ■ | 13 | 14 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | 15 | | | ■ | 16 | |
| 17 | | | ■ | | ■ | 18 | 19 | | ■ |
| | ■ | | ■ | 20 | 21 | ■ | | ■ | 22 |
| ■ | 23 | | 24 | ■ | 25 | 26 | | | |
| ■ | | ■ | 27 | 28 | ■ | | ■ | ■ | |
| 29 | | | ■ | 30 | | | ■ | 31 | |

***बायें से दायें:-*** 1) निरर्थक, 4) काँच की गोली, 7) चुटकुला, 9) संतोष, 11) गठन; आकार; रचना, 13) टूट पड़ना, 15) वाचाल, 16) वास्तविकता, 17) दुर्गम, 18) रात, 20) तमाम, 23) महिला, 25) सहयोगदाता, 27) संन्यासी, 29) पहरेदार, 30) आसार, 31) एक पशु.

***ऊपर से नीचे:-*** 2) डँसना, 3) कपासीय, 5) पपीहा, 6) एक प्रसिद्ध भारतीय शहर, 7) जुल्फ़, 8) बेकार, 10) परंपरावादी, 11) बढ़ा कर कही बात, 12) भारी, 14) छेना, 15) एक संख्या, 19) बादल, 21) एक पांडव, 22) रंग बदलनेवाला एक जंतु, 23) हैसियत, 24) निर्धारित, 26) आईना, 28) एक तिलहन.

*(उत्तर: अगले अंक मे)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| द | ब | द | बा | ■ | बे | द | म | ■ | ब |
| मा | ■ | ■ | जा | सू | स | ■ | त | म | गा |
| द | ब | ना | ■ | ति | न | का | ■ | ■ | व |
| म | द | ■ | ना | का | ■ | ज़ | मा | न | त |
| ■ | बू | झ | ना | ■ | मा | ल | ■ | ग | ■ |
| कि | ■ | ल | ■ | शू | न्य | ■ | प | र | दा |
| च | म | क | दा | र | ■ | ज | ल | पा | न |
| कि | ■ | ना | ला | ■ | भू | ल | ■ | लि | ■ |
| च | ट | ■ | न | या | प | न | ■ | क़ा | ज़ी |

## सुडोकू-पहेली-3368

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | 6 | |
| 2 | | 9 | | | 8 | | 4 | 7 |
| 6 | | 5 | | | | | 3 | |
| | | 4 | | | 5 | | | |
| | | | | 1 | | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | | 3 | | | | | 1 |
| | | | | 4 | 7 | | 9 | 8 |
| | 3 | | 1 | | | 2 | | 6 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3367का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 6 | 2 | 9 | 1 | 8 | 3 | 7 |
| 9 | 8 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 |
| 7 | 1 | 3 | 8 | 6 | 5 | 4 | 2 | 9 |
| 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 3 | 9 | 7 | 8 |
| 1 | 3 | 9 | 5 | 8 | 7 | 6 | 4 | 2 |
| 8 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 | 3 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 9 | 2 | 8 | 5 |
| 2 | 9 | 4 | 7 | 5 | 8 | 1 | 6 | 3 |
| 3 | 5 | 8 | 1 | 2 | 6 | 7 | 9 | 4 |

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 36 |
| आर्द्रता | 90% |
| सूर्योदय: 05:16 | सूर्यास्त: 17:56 |

बुधवार, 15 अप्रैल 2026

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार, छः और सात पर

कोलकाता, वैशाख कृष्णपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 12, मूल्य 3.00 रुपये


सुविचार : ख़ुद को किताब की समस्याओं में डुबाना प्यार के बारे में सोचने से बचने का अच्छा तरीक़ा है।




मार्च में रूस से भारत का कच्चा तेल आयात तीन गुना होकर 5.3 अरब यूरो पर

-पृष्ठ 12




### हावड़ा के जीटी रोड स्थित कपड़े के गोदाम में लगी आग

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के 44 जीटी रोड स्थित एक कपड़े के गोदाम में आग लगने से इलाके में अफरा–तफरी मच गई। यह घटना मंगलवार रात लगभग 10:50 बजे हुई। सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का कार्य शुरू किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा से चुनाव लड़ रहे उमेश राय भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने राहत एवं बचाव कार्य में सहयोग किया। उन्होंने दमकल कर्मियों और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर आग पर काबू पाने के प्रयास में मदद की। खबर लिखे जाने तक दमकल विभाग द्वारा आग पर काबू पा लिया गया था। हालांकि, आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है।

# कोयला तस्करी मामला : आई–पैक के सह–संस्थापक की पत्नी और भाई को ईडी का समन

**नई दिल्ली/कोलकाता :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमिटी (आई–पैक) के सह–संस्थापक प्रतीक जैन के भाई पुलकित जैन और पत्नी बार्बी जैन को, पश्चिम बंगाल और झारखंड में चल रहे करोड़ों रुपए के कोयला तस्करी घोटालों की अपनी जांच के सिलसिले में, नई दिल्ली स्थित एजेंसी के मुख्यालय में पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया। पुलकित जैन और बार्बी जैन को नोटिस तब जारी किए गए, जब ईडी अधिकारियों ने सोमवार की रात कोयला तस्करी मामले के सिलसिले में आई–पैक के एक और सह–संस्थापक, विनेश चंदेल को एक दिन पहले गिरफ्तार किया था। दोनों को 15 अप्रैल को नई दिल्ली में ईडी मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है।

**✒ आई–पैक के निदेशक विनेश चंदेल को 10 दिन की ईडी हिरासत**

राउज एवेन्यू स्थित विशेष सीबीआई अदालत ने विधानसभा चुनाव से ठीक पहले एक बड़ा फैसला सुनाया है। आई–पैक के सह–संस्थापक और निदेशक विनेश चंदेल को मनी लॉड्रिंग मामले में कोर्ट ने 10 दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया है। ईडी ने चंदेल को सोमवार की देर शाम पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया और रात में ही पीएमएलए कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें 10 दिन की रिमांड पर भेज दिया गया।

### आईपैक के सह संस्थापक विनेश चंदेल को तुरंत रिहा किया जाए : डेरेक ओ' ब्रायन

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने उसे परामर्श सेवा देने वाली कंपनी 'इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी' (आईपैक) के सह–संस्थापक विनेश चंदेल को तत्काल और बिना शर्त रिहा किए जाने की मंगलवार को मांग की। पार्टी ने विधानसभा चुनावों से पहले की गई चंदेल की गिरफ्तारी को 'चुनावी साजिश' करार दिया। तृणमूल के राज्यसभा सदस्य और राष्ट्रीय प्रवक्ता डेरेक ओ' ब्रायन ने संवाददाताओं से कहा कि चुनाव के पहले चरण में 10 दिन से भी कम समय बचा है और ऐसे में ईडी की कार्रवाई 'उसकी चुनावी तैयारी को नुकसान पहुंचाने' से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि ईडी ने अपनी कार्रवाइयों से साबित किया है कि उसका नाम 'एक्सट्रीमली डेस्परेट' (अत्यंत हताश) है, लेकिन इन सब कदमों के बावजूद, उनके राजनीतिक आका यानी भाजपा विधानसभा चुनावों में हार जाएगी। तृणमूल नेता ने आरोप लगाया कि ईडी की कार्रवाई संविधान का दुरुपयोग करने से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि पीएमएलए के तहत 5,900 मामलों में से केवल 0.1 प्रतिशत मामलों में ही दोषसिद्धि हुई है, जो दर्शाता है कि भाजपा नीत सरकार द्वारा चुनावों से पहले विपक्ष के खिलाफ राजनीतिक कारणों से ईडी का इस्तेमाल किया जा रहा है ताकि उन्हें परेशान किया जा सके। ओ'ब्रायन ने चुनाव नजदीक होने का हवाला देते हुए केंद्रीय एजेंसियों को 'राजनीतिक कारणों से इस तरह की अलोकतांत्रिक, अनुचित कार्रवाई' करने से रोके जाने की मांग की।

## रूबी पार्क पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक उत्साह के साथ मनाया गया बंगाली नव वर्ष

**कोलकाता, समाज्ञा :** रूबी पार्क पब्लिक स्कूल में बंगाली नव वर्ष का स्वागत बड़े ही धूमधाम और सांस्कृतिक वैभव के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या मौसमी महापात्र की गरिमामय उपस्थिति में पवित्र दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा भावपूर्ण गायन, प्रेरक भाषण और मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं। हर प्रस्तुति में बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिली, साथ ही देश की विविधता में एकता के संदेश को भी प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह, एकजुटता और नई आकांक्षाओं का वातावरण बना रहा।




कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया और राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ। इस दौरान शुभ नववर्षो के जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा, जिसने आगामी वर्ष के लिए समृद्धि, शांति और सामूहिक कल्याण की शुभकामनाएँ व्यक्त कीं। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्या मौसमी महापात्र ने कहा, यह अवसर केवल एक पंचांग चक्र की शुरुआत नहीं है, बल्कि यह हमारी जड़ों, हमारी साझा भावना और हमारी आकांक्षाओं का प्रतीक है।

## कोलकाता में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर भव्य पदयात्रा आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** अखिल भारतीय धोबी महासंघ, पश्चिम बंगाल राज्य समिति के तत्व–ावधान में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जन्म जयंती के अवसर पर मंगलवार को एक भव्य पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा महाजती सदन के निकट से प्रारंभ हुई, जो महाजती सदन से निकलकर धर्मतल्ला होते हुए रेड रोड स्थित बाबा साहेब अंबेडकर की भव्य प्रतिमा तक पहुंची। वहां सभी उपस्थित लोगों ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल राज्य समिति के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रसाद रजक, महासचिव सूरज रजक (एडवोकेट) तथा कोषाध्यक्ष रमेश लाल चौधरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अखिल भारतीय धोबी महासंघ के अनेक सदस्यों ने सक्रिय योगदान दिया। इनमें हीरालाल रजक, मुकेश रजक, प्रदीप रजक, शम्भु रजक, राजकुमार रजक, लखिकान्त दास, अर्जुन रजक, राजेश रजक, दिलीप रजक, मनोज रजक, राजन चौधरी, जगदीश रजक, कृष्णा प्रसाद रजक, अरविंद रजक, अर्जुन रजक, मधुबन रजक, डॉ रमेश रजक, गोपाल रजक, सुनील रजक, मनोज रजक, मती रेखा रजक, मती ललिता रजक, मती डॉली रजक, मती मीना रजक ने अपनी महत्व–पूर्ण भागीदारी निभाई। विशेष रूप से कार्यकारी अध्यक्ष रवि रजक ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। अखिल भारतीय धोबी महासंघ, पश्चिम बंगाल राज्य कमेटी ने विश्व रजक महासंघ, ठाकुरपुकुर वॉशरमैंन वेलफेयर सोसाइटी तथा रजक समाज के प्रत्येक सदस्य के प्रति आभार व्यक्त किया।



### पोइला बैसाख पर बीबा का 'समर फेस्टिव एडिट' लॉन्च, पारंपरिक रंगों में आधुनिक स्टाइल का संगम

**कोलकाता, समाज्ञा :** अग्रणी स्वदेशी फैशन ब्रांड बीबा ने पोइला बैसाख के अवसर पर अपना नया समर फेस्टिव एडिट लॉन्च किया है। यह कलेक्शन बंगाली नववर्ष की परंपरा, रंगों और आधुनिक शैली का मेल प्रस्तुत करता है। सफेद और लाल जैसे पारंपरिक रंगों के साथ हल्के सूती व मलमल के कुर्ता सेट, अनारकली, शरारा और प्रिंटेड सूट इसमें शामिल हैं, जो गर्म मौसम में आरामदायक हैं। कलेक्शन में महिलाओं के साथ 2 से 15 वर्ष की बच्चियों के लिए भी बीबा गर्ल्स रेंज पेश की गई है। इसके अलावा गिफ्ट कलेक्शन में दुपट्टे, ज्वेलरी, सुगंध और रेडी–टू–वियर सेट शामिल हैं। 146 शहरों में 306 स्टोर वाले बीबा के ये उत्पाद कोलकाता, सिलीगुड़ी, हावड़ा सहित ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं।

## बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में 'अंबेडकर की पत्रकारिता' पर अंतरराष्ट्रीय मंथन

**वाराणसी/कोलकाता, समाज्ञा :** बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में डॉ. बीआर अंबेडकर की 136वीं जयंती के अवसर पर रीविजिटिंग बाबासाहेब आंबेडकर'स जर्नलिज्म: सोशल जस्टिस एंड ट्रांसफॉर्मेशन ऑफ इंडियन सोसाइटी विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में देश–विदेश के शिक्षाविदों और विशेषज्ञों ने भाग लेकर आंबेडकर के विचारों और उनके पत्रकारिता योगदान पर चर्चा की। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति अजीत कुमार चतुर्वेदी ने किया, जिन्होंने अपने संबोधन में अंबेडकर की पत्रकारिता को सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों के निर्माण में अत्यंत प्रासंगिक बताया। मुख्य अतिथि डीसी राय ने अंबेडकर को दूरदर्शी विचारक बताते हुए उनके लेखन को समावेशी विकास की आधारशिला बताया। मुख्य वक्ता केजी सुरेश ने अंबेडकर की पत्रकारिता के माध्यम से हाशिए पर खड़े समुदायों को आवाज देने के प्रयासों पर प्रकाश डाला, जबकि अध्यक्षीय संबोधन प्रो. सुषमा घिल्डियाल, डीन, बीएचयू ने दिया। विशेष व्याख्यान में असीत कुमार दास ने शिक्षा के लोकतंत्रीकरण पर अंबेडकर के विचारों को संविधान के संदर्भ में स्पष्ट किया। अन्य वक्ताओं में संजीव भनावत शामिल रहे। संगोष्ठी का समन्वय प्रो. बाला लखेंद्र ने किया। कार्यक्रम का समापन अंबेडकर के विचारों को समकालीन चुनौतियों में लागू करने के संकल्प के साथ हुआ।




## विक्रम सोलर ने 10 गीगावाट वैश्विक तैनाती का आंकड़ा किया पार, स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि

**कोलकाता, समाज्ञा :** विक्रम सोलर ने वैश्विक स्तर पर सौर मॉड्यूल तैनाती में 10 गीगावाट का आंकड़ा पार कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कंपनी के अनुसार, यह क्षमता 50 लाख से अधिक भारतीय घरों को बिजली देने के लिए पर्याप्त है और अब तक 2.5 करोड़ से अधिक सोलर मॉड्यूल्स की तैनाती की जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि कंपनी ने महज दो वर्षों में अपनी क्षमता 5 जीडबल्यू से बढ़ाकर 10 जीडबल्यू कर ली है, जो इसकी तेज विकास दर और मजबूत मांग को दर्शाता है। भारत में सौर ऊर्जा क्षेत्र तेजी से विस्तार करते हुए 150 जीडबल्यू के आंकड़े को पार कर चुका है, जिसमें विक्रम सोलर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कंपनी ने न केवल घरेलू स्तर पर बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी अपनी मजबूत पहचान बनाई है। अब तक लगभग 1.5 जीडबल्यू निर्यात के साथ 39 देशों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए कंपनी ने वैश्विक स्तर पर भी अपनी पकड़ मजबूत की है। इस अवसर पर कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक ज्ञानेश चौधरी ने कहा कि 10 जीडबल्यू का यह मील का पत्थर वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन में सौर ऊर्जा की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है और कंपनी भविष्य में उच्च दक्षता तकनीकों तथा उत्पादन क्षमता को और मजबूत करने पर केंद्रित रहेगी।

## द हेरिटेज स्कूल ने 'माइंडस्पेस 360' कॉन्क्लेव के जरिए मानसिक स्वास्थ्य को दी प्राथमिकता

**कोलकाता, समाज्ञा :** द हेरिटेज स्कूल द्वारा 11 अप्रैल को आयोजित काउंसलर्स कॉन्क्लेव माइंड स्पेस 360 में शिक्षा के क्षेत्र में मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक सशक्तिकरण को लेकर व्यापक चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में कोलकाता के 30 विद्यालयों से प्राचार्य, काउंसलर और शिक्षक शामिल हुए, जिन्होंने मिलकर समावेशी और भावनात्मक रूप से सुरक्षित स्कूल वातावरण के निर्माण पर विचार–विमर्श किया। कॉन्क्लेव में डॉ रुद्रांशु मुखर्जी (चांसलर, अशोका युनिवर्सिटी), डॉ जे.राम, डॉ सुष्मिता चट्टोपाध्याय और लिपिका भट्टाचार्य जैसे विशेषज्ञ वक्ताओं ने भाग लेकर शिक्षा व्यवस्था में मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावी रूप से शामिल करने पर जोर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्या के स्वागत भाषण से हुई, जिसके बाद जयदीप चितलांगिया ने अपने संबोधन में स्कूलों में मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की आवश्यकता को रेखांकित किया। इस दौरान भावनात्मक रूप से सुरक्षित वाता–वरण विकसित करने, नेतृत्व में मानसिक स्वास्थ्य को शामिल करने, शिक्षकों के बर्नआउट से निपटने तथा न्यूरोडायवर्जेंट विद्यार्थियों के लिए समावेशी दृष्टिकोण अपनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर सीमा सापरू ने कहा कि शिक्षा केवल अकादमिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भावनात्मक रूप से सशक्त व्यक्तित्व के निर्माण का माध्यम है। वहीं, प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा का भविष्य ऐसे संस्थानों में है जो उत्कृष्टता के साथ–साथ मानसिक स्वास्थ्य को भी समान महत्व देते हैं। कॉन्क्लेव को प्रतिभागियों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली और इसे समकालीन शिक्षा की आवश्यकताओं के अनुरूप एक महत्वपूर्ण पहल बताया गया, जबकि विद्यालय प्रबंधन ने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी वक्ताओं और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



## पूर्व रेलवे का भारतीय रेलवे की पहली ट्रेन यात्रा का 173वीं वर्षगांठ पर स्वच्छता अभियान शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने भारतीय रेलवे की पहली ट्रेन यात्रा की 173वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक माह तक चलने वाले स्वच्छता जागरूकता अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान 15 अप्रैल से 14 मई तक चलेगा, जबकि 16 अप्रैल को विशेष रूप से कोच और ट्रैक की सफाई को समर्पित किया गया है। उल्लेखनीय है कि 16 अप्रैल 1853 को भारत की पहली यात्री ट्रेन बोरी बंदर (मुंबई) से ठाणे के लिए रवाना हुई थी। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने कहा कि यह अभियान केवल इतिहास को याद करने का अवसर नहीं, बल्कि यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर यात्रा अनुभव देने का संकल्प भी है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में रेलवे के सभी विभागों, मंडल रेल प्रबंधकों और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। अभियान के तहत भारत स्काउट्स एंड गाइड्स भी रेलवे कॉलोनियों, स्कूलों, अस्पतालों और प्रमुख स्टेशनों पर स्वच्छता जागरूकता फैलाने में हिस्सा लेंगे। 16 अप्रैल को महाप्रबंधक हावड़ा स्टेशन पर यात्रियों से सीधे संवाद करेंगे और स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ाने के साथ फीडबैक भी लेंगे। इसके अलावा, स्वच्छता, हाइजीन और कचरा प्रबंधन जैसे विषयों पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य स्वच्छता को आदत बनाना है, ताकि रेलवे परिसर को हर नागरिक अपना समझकर साफ–सुथरा रखे।



## चिरेका में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई

**चित्तरंजन, समाज्ञा :** चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) में डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की 135वीं जयंती गरिमापूर्ण ढंग से मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र के बघवार हॉल में किया गया। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक मोहित चंद्रा ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अखिल भारतीय अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति रेलवे कर्मचारी संघ के जोनल अध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार साहा ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्रमुख, वरिष्ठ अधिकारी, संघ के पदाधिकारी, सदस्य तथा कर्मचारी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में महाप्रबंधक ने डॉ. अंबेडकर के सामाजिक न्याय, समानता और संविधान निर्माण में योगदान को रेखांकित किया तथा उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। संघ के सचिव एस. सी. ब्रह्मा ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया तथा उद्घाटन एवं समापन गीत प्रस्तुत किए।



## महावीर की अहिंसा का महान शिष्य है तेरापंथ : मुनिश्री जिनेश कुमार

**❑ पूर्वांचल सभा द्वारा तेरापंथ–मेरापंथ कार्यशाला का आयोजन**

**कोलकाता, समाज्ञा :** युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमण के सुशिष्य मुनिश्री जिनेश कुमारजी ठाणा–3 के सान्निध्य में जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा के निर्देशन में तेरापंथ–मेरापंथ कार्यशाला का आयोजन जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा (कलकत्ता–पूर्वांचल) ट्रस्ट द्वारा अधर्व बैंक्केट में किया गया। कार्यशाला में प्रशिक्षक उपासक प्राध्यापक डालिमचंद नौलखा थे। कार्यशाला में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुनिश्री जिनेश कुमार ने कहा कि प्राणी सुनकर ही कल्याण को जानता है और सुनकर ही पाप को जानता है। दोनों को सुनकर ही जाना–समझा जाता है। जो श्रेय है उसका आचरण करना चाहिए। तेरापंथ के आद्य प्रवर्तक आचार्य भिक्षु ने श्रेय के पथ बढ़ने, चलने के लिए धर्मक्रांति की। वह धर्म क्रांति ही तेरापंथ के रूप में विख्यात हुई। उनका ज्ञान निर्घम अग्नि सा निर्मल, दर्शन ध्रुव तारे सा निश्चल और चारित्र स्फटिक सा उज्ज्वल था। वे प्रज्ञा सम्पन्न कुशाग्र बुद्धि के धनी, क्रांतिकारी महापुरूप थे। वे तार्किक दार्शनिक आगमवेत्ता, व्यवहार कुशल, आचार सम्पन्न व पापभीरू थे। वे अनुशासित, आत्मार्थी व जिन–वाणी के प्रति समर्पित थे। उन्होंने आचार के साथ विचार क्रांति भी की और व्यवस्था क्रांति भी की। तेरापंथ को सिर्फ माने ही नहीं अपितु उसको जाने और जीएं। यह प्रभु महावीर का पंथ है। तेरापंथ महावीर की अहिंसा का महाभाष्य है। तेरापंथ : मेरापंथ कार्यशाला के माध्यम से सभी लोग तेरापंथ के विचार दर्शन को समझने का प्रयत्न करें। मुनिश्री जिनेश कुमार ने कार्यशाला में संभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। मुनि कुणाल कुमार ने सुमधुर गीत का संगान किया। इस अवसर पर अहमदाबार से समागत उपासक प्राध्यापक डालिमचंद नौलखा ने संभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने तेरापंथ के सिद्धान्तों को विस्तार से समझाया। स्वागत भाषण पूर्वांचल सभा के अध्यक्ष संजय सिंघी ने दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ तेरापंथ महिला मंडल की बहनों के मंगल–ाचरण से हुई। आभार ज्ञापन सभा के मंत्री पंकज डोसी ने दिया। कार्यक्रम का संचालन मुनिश्री परमानंद ने किया। कार्यशाला में कुल 245 भाई–बहिनों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला को सफल बनाने में कार्यकताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




**न्यूज अपडेट**

### सरकार का राष्ट्रव्यापी अभियान, उपभोक्ताओं तक एलपीजी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित

**दुर्गापुर :** केंद्र सरकार ने उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु राष्ट्रव्यापी अभियान को तेज कर दिया है। सरकार ने जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए निगरानी तंत्र को मजबूत करते हुए स्वच्छ ईंधन को वास्तविक उपभोक्ताओं तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई है। 11 अप्रैल 2026 को देशभर में 2,700 से अधिक निरीक्षण और छापेमारी की गई। इन कार्रवाइयों का उद्देश्य अनियमितताओं पर रोक, घरेलू एलपीजी के दुरुपयोग को समाप्त करना और वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाना है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने भी सख्ती बढ़ाते हुए 219 वितरकों पर जुर्माना लगाया, जबकि 56 के लाइसेंस निलंबित किए गए। पिछले आठ दिनों में 3,300 जागरूकता शिविर आयोजित किए गए, जिनमें 35,800 से अधिक 5 किलो एफटीएल सिलेंडर बेचे गए। 11 अप्रैल को ही 52.3 लाख सिलेंडरों की आपूर्ति दर्ज की गई, जिससे देश में एलपीजी की स्थिर उपलब्धता बनी हुई है।

### आर्टेमिस–खख्व मिशन में डल्कोलैक्स शामिल, अंतरिक्ष यात्रियों के पाचन स्वास्थ्य पर ध्यान

**कोलकाता, समाज्ञा :** नासा के आर्टेमिस–खख्व मिशन के तहत चंद्रमा की कक्षा तक मानव मिशन भेजा जा रहा है, जिसमें अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस मिशन में डल्कोलैक्स (भारत में डल्कोफ्लेक्स) को आधिकारिक मेडिकल किट में शामिल किया गया है, जो कब्ज जैसी समस्याओं से राहत देने में मदद करेगा। अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण की कमी, सीमित गतिविधि और विशेष आहार के कारण पाचन तंत्र प्रभावित होता है, जिससे कब्ज आम समस्या बन जाती है। ऐसे में विश्वसनीय और प्रभावी दवाओं की आवश्यकता होती है। डल्कोलैक्स, जो बिसाकोडिल आधारित दवा है, आंतों की गतिविधि को सक्रिय कर 6–8 घंटे में राहत देता है और इसकी आदत नहीं पड़ती। कंपनी ओपेला इंडिया की निदेशक नुपुर गुरुबक्षानी ने इसे ब्रांड की विश्वसनीयता का प्रमाण बताया। भारत में यह दवा टैबलेट और सपोजिटरी सहित विभिन्न रूपों में उपलब्ध है।

### जेन अल्फा के उपभोक्ता रुझानों पर रुकम कैपिटल की रिपोर्ट 'जेन अल्फा डिकोडेड: द कंज्यूमर–ब्रांड डायनामिक' जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** रुकम कैपिटल ने अपनी रिपोर्ट 'जेन अल्फा डिकोडेड: द कंज्यूमर–ब्रांड डायनामिक' जारी कर जेन अल्फा पीढ़ी के उपभोक्ता व्यवहार पर प्रकाश डाला है। रिपोर्ट के अनुसार, जेन अल्फा भारत की आबादी का एक बड़ा हिस्सा है, जिसमें 73 प्रतिशत बच्चों के पास स्मार्टफोन और 60 प्रतिशत के पास लैपटॉप की पहुंच है। रिपोर्ट के लॉन्च पर रुकम कैपिटल की संस्थापक और मैनेजिंग पार्टनर अर्चना जहागीरदार ने कहा कि यह पीढ़ी घरेलू खरीद निर्णयों के 80 प्रतिशत तक को प्रभावित करने की क्षमता रखती है। रिपोर्ट बताती है कि लगभग 50 प्रतिशत बच्चे किसी विशेष ब्रांड की मांग करते हैं, जबकि 66 प्रतिशत रोजमर्रा के निर्णयों को प्रभावित करते हैं। जेन अल्फा डिजिटल प्लेटफॉर्म, विशेषकर यूट्यूब, से प्रभावित होती है और कपड़े, खिलौने व खान–पान जैसे क्षेत्रों में अपनी पसंद स्पष्ट रूप से व्यक्त करती है।

### अक्षय तृतीया पर अमेज़न फैशन ने पेश किए एआई आधारित ज्वेलरी विकल्प

**कोलकाता, समाज्ञा :** अक्षय तृतीया के अवसर पर अमेज़न फैशन ने एआई आधारित ज्वेलरी विकल्प लॉन्च किए हैं, जिससे ग्राहकों को पारंपरिक गोल्ड कॉइन्स से लेकर फाइन ज्वेलरी तक खरीदारी आसान हो सके। प्लेटफॉर्म पर जॉयलुक्कास, पी.सी. चंद्रा ज्वेलर्स, मिया बाय तनिष्क, गिवा, कुबेरबॉक्स, डब्ल्यूएचपी ज्वेलर्स और पीएनजी ज्वेलर्स जैसे प्रमुख ब्रांड्स उपलब्ध हैं। अमेज़न का एआई असिस्टेंट 'रुफस' ग्राहकों को उनकी पसंद के अनुसार पर्सनल सुझाव देता है, जबकि अमेज़न लेन्स के जरिए फोटो अपलोड कर मिलते–जुलते डिज़ाइन खोजे जा सकते हैं। वर्चुअल ट्राय–ऑन और रिंग साइजिंग जैसी सुविधाएं भी दी गई हैं। अमेज़न पे के जरिए यूपीआई से डिजिटल गोल्ड खरीदने पर प्राइम मेंबर्स को 2% और अन्य ग्राहकों को 1% कैशबैक मिलेगा, साथ ही गिवा, जॉयलुक्कास, तनिष्क और कल्याण ज्वेलर्स के गिफ्ट कार्ड्स पर 13% तक छूट दी जा रही है।

### अक्षय तृतीया पर इंस्टामार्ट–कल्याण ज्वेलर्स की पहल, सोने की कीमत लॉक करने की सुविधा शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** अक्षय तृतीया के मौके पर इंस्टामार्ट और कल्याण ज्वेलर्स ने ग्राहकों के लिए सोने की कीमत लॉक करने की नई सुविधा शुरू की है। इस योजना के तहत उपभोक्ता पहले से सोने की कीमत तय कर सकते हैं और खरीद के दिन लॉक कीमत या बाजार भाव–जो भी कम हो–उसी पर खरीदारी कर सकेंगे। 10 से 16 अप्रैल 2026 के बीच ग्राहक इंस्टामार्ट ऐप पर कल्याण ज्वेलर्स के बीआईएस हॉलमार्क वाले सोने के सिक्के 5% अग्रिम राशि देकर बुक कर सकते हैं। अंतिम भुगतान 19 अप्रैल को किया जाएगा, जबकि डिलीवरी अक्षय तृतीया पर होगी। प्री–बुकिंग करने वालों को मुफ्त चांदी का सिक्का भी मिलेगा। इंस्टामार्ट के वाइस प्रेसिडेंट (ग्रोथ) अर्जुन चौधरी और कल्याण ज्वेलर्स के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर रमेश कल्याणरामन ने इसे ग्राहकों को सुरक्षित और सुविधाजनक खरीदारी का विकल्प बताया।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर चेतावनी–बढ़ते स्वास्थ्य जोखिमों के सामने कमजोर वित्तीय तैयारी

कोलकाता, समाज्ञा : टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस के ताजा आंकड़ों ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर चिंता बढ़ा दी है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन उनसे निपटने की आर्थिक तैयारी बेहद कमजोर है। सर्वे में 59% डॉक्टरों का मानना है कि हृदय रोग से पीड़ित 40% से भी कम मरीज उन्नत इलाज का खर्च उठा पाते हैं। आंकड़ों के मुताबिक, 2025 में फेफड़ों के कैंसर के दावे दोगुने हुए, जिसमें 85% मामलों का कारण धूम्रपान रहा, जबकि प्रदूषण और सेकंड–हैंड स्मोकिंग भी जोखिम बढ़ा रहे हैं। वहीं अस्पताल खर्च में औसतन 27% वृद्धि दर्ज की गई है। महिलाओं की स्थिति और चिंताजनक है–बीमाधारकों में उनकी हिस्सेदारी लगभग आधी होने के बावजूद केवल 20% के पास पर्याप्त स्वास्थ्य कवरेज है। रिपोर्ट में जागरूकता, नियमित जांच और पर्याप्त बीमा कवर को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है।

### वेंकैया नायडू ने काहोकोन 2026 का उद्घाटन किया, स्वास्थ्य गुणवत्ता पर जोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने काहोकोन 2026 के 10वें संस्करण का उद्घाटन किया। यह सम्मेलन कंसोर्टियम ऑफ़ एक्रेडिटेड हेल्थकेयर ऑर्गेनाइज़ेशन्स (काहो) द्वारा 10–12 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में करीब 2,500 प्रतिनिधि शामिल हुए, जिनमें 200 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागी और इस्कुआ के विशेषज्ञ मौजूद हैं। कार्यक्रम में वैज्ञानिक सत्र, पैनल चर्चा, कार्यशालाएं और नवाचार प्रदर्शनी आयोजित की गई, जहां 150 से अधिक स्टॉल में आधुनिक चिकित्सा तकनीकें प्रदर्शित की गईं। अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप की डॉ. संगीता रेड्डी, इस्कुआ के डॉ. एज़ेक्विएल गार्सिया एलोरियो, काहो के डॉ. विजय अग्रवाल और डॉ. लल्लू जोसेफ़ ने संबोधित किया। आयोजन अध्यक्ष डॉ. नल्ला जी पलानीस्वामी और सह–अध्यक्ष डॉ. एस. मणिवन्नन भी उपस्थित रहे। वेंकैया नायडू ने ग्रामीण स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने, पीपीपी मॉडल और एआई के उपयोग पर जोर दिया।

### डेटॉल ने लॉन्च किया नया कैंपेन, मां की सुरक्षा की भावना को किया सेलिब्रेट

**कोलकाता, समाज्ञा :** डेटॉल ने अपने एंटीसेप्टिक लिक्विड के लिए एक नया भावनात्मक कैंपेन लॉन्च किया है, जो मां की सहज देखभाल और सुरक्षा की भावना को दर्शाता है। इस अभियान के जरिए ब्रांड ने परिवारों के साथ अपने गहरे जुड़ाव को रेखांकित करते हुए संदेश दिया है कि मां और डेटॉल जैसी सुरक्षा कोई नहीं देता। कैंपेन की फिल्म एक शादी के माहौल में मां और बच्चे के भावनात्मक रिश्ते को दिखाती है, जहां चोट लगने पर बच्चा उसे छिपाने की कोशिश करता है, लेकिन मां तुरंत उसकी तकलीफ समझ जाती है और डेटॉल एंटिसेप्टिक लिक्विड से उपचार करती है। इस कैंपेन का कॉन्सेप्ट प्रसून जोशी ने तैयार किया है और निर्देशन अमित शर्मा ने किया है। रेकिट के अधिकारी गौरव जैन ने कहा कि डेटॉल वर्षों से भारतीय परिवारों का भरोसेमंद साथी रहा है और यह अभियान उसी विश्वास को दर्शाता है।

बुधवार, 15 अप्रैल 2026

**मौसम**

तापमान 25 – 35
आर्द्रता 92%
सूर्योदयः 05:19 सूर्यास्तः 17:55

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार, छः और सात पर

कोलकाता, वैशाख कृष्णपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 12, मूल्य 3.00 रुपये

**सुविचार :** ख़ुद को किताब की समस्याओं में डुबाना प्यार के बारे में सोचने से बचने का अच्छा तरीक़ा है।



पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से भारत में 25 लाख लोगों के गरीबी की चपेट में आने का खतरा पृष्ठ 12

# बंगाल में कोई माई का लाल बाबरी मस्जिद नहीं बना सकता : अमित शाह

## गृह मंत्री ने कबीर और ममता पर निशाना साधा



**मालदह :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद कोई माई का लाल राज्य में बाबरी मस्जिद से मिलती-जुलती मस्जिद का निर्माण नहीं करा पाएगा। शाह ने भाजपा और तृणमूल कांग्रेस, दोनों को चुनौती दे रहे आम जनता उन्नयन पार्टी के प्रमुख हुमायूं कबीर को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का 'एजेंट' तक करार दिया। शाह ने आरोप लगाया कि कबीर अपनी महत्वाकांक्षी परियोजना के निर्माण के लिए तृणमूल सुप्रीमो के इशारे पर काम कर रहे हैं। इस दिन, उन्होंने मालदह के गाजोल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि ममता और हुमायूं कबीर मेरी बात ध्यान से सुनें! यह भारत है और यहां कोई भी व्यक्ति बाबरी मस्जिद जैसा ढांचा नहीं बना सकता। उन्होंने यह भी दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनावों के बाद राज्य में सत्ता परिवर्तन होगा और भाजपा ऐसी योजनाओं पर रोक लगाएगी। अमित शाह ने आरोप लगाया कि कबीर, ममता बनर्जी के इशारे पर काम कर रहे हैं और दोनों की सोच एक जैसी है। उन्होंने यह भी कहा कि ममता बनर्जी और उनके सहयोगियों का यह सपना चुनाव परिणाम आने के बाद टूट जाएगा। उन्होंने आगे कहा हुमायूं कबीर अपने कान खोलकर सुनें जब मैं कहता हूं कि भाजपा मस्जिद के निर्माण की अनुमति नहीं देगी। ममता बनर्जी और उनके भतीजे को भी पता होना चाहिए कि 5 मई को मस्जिद बनाने के उनके सपने चकनाचूर हो जाएंगे।

### भाजपा बंगाल में 'लव जिहाद' और 'बहुविवाह' की प्रथा को समाप्त करेगी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अगर भाजपा राज्य में सत्ता में आती है, तो वह समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करके राज्य में व्याप्त 'लव जिहाद' और 'बहुविवाह' की प्रथा को समाप्त कर देगी। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को एक साथ चार विवाह करने की स्वतंत्रता है, लेकिन चिंता न करें। अगले महीने बंगाल में सरकार बनने के बाद यूसीसी लागू कर दी जाएगी। एक समय में चार विवाह करने की प्रथा समाप्त हो जाएगी। राज्य में अब 'लव जिहाद' या 'लैंड जिहाद' नहीं होगा। इस अवसर पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री शाह ने तृणमूल कांग्रेस सरकार के पिछले 15 वर्षों के दौरान राज्य में भ्रष्टाचार के विभिन्न मामलों में शामिल लोगों को कड़ी चेतावनी दी। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि अगर वे सोचते हैं कि वे बच निकलेंगे, तो वे गलतफहमी में हैं। परिणाम घोषित होने दीजिए और नई सरकार का गठन होने दीजिए। भ्रष्टाचार में लिप्त प्रत्येक व्यक्ति सलाखों के पीछे होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर तृणमूल कांग्रेस के असामाजिक तत्व 23 और 29 अप्रैल को मतदान प्रक्रिया में बाधा डालने की कोशिश करते हैं, तो उनसे सख्ती से निपटा जाएगा। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि इसलिए मैं उन्हें चेतावनी दे रहा हूं कि मतदान के दिनों में वे अपने घरों में रहें। अन्यथा, उन्हें इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

## सम्राट चौधरी आज लेंगे बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ



**पटना :** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बुधवार को राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। एक वरिष्ठ मंत्री ने यह जानकारी दी। यह घोषणा मंगलवार को चौधरी को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद की गई। इससे पहले हाल ही में राज्यसभा सदस्य बने जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने बैठक के बाद कहा, सम्राट चौधरी को सर्वसम्मति से राजग विधायक दल का नेता चुना गया है। इस बैठक में नीतीश कुमार और गठबंधन के सभी विधायकों ने भाग लिया।

# 'तार्किक विसंगति' निर्वाचन आयोग के प्रारूप के तहत मान्य नहीं : ममता

## कहा... 'पुलिस द्वारा प्रताड़ित किए जाने पर तुरंत शिकायत दर्ज कराएं'



**मेदिनीपुर/हावड़ा :** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत प्रयुक्त 'तार्किक विसंगति' निर्वाचन आयोग के प्रारूप के तहत आधिकारिक रूप से मान्य नहीं है और इसका इस्तेमाल बिहार के विपरीत राज्य में चुनिंदा ढंग से भाजपा को लाभ पहुंचाने के लिए किया गया है। पश्चिम मेदिनीपुर के पिंगला, पूर्व मेदिनीपुर के तमलुक और हावड़ा के डोमजूर में जनसभाओं को संबोधित करते हुए ममता ने महिलाओं से अपील की कि यदि लोगों को मतदान से रोकने की कोशिश की जाए तो वे डटकर मुकाबला करें। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह किसी प्रकार की हिंसा के लिए नहीं कह रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्वाचन आयोग के ढांचे में तार्किक विसंगति' जैसा कोई आधिकारिक शब्द नहीं है। इसे बिहार के विपरीत राज्य में चुनिंदा तरीके से लागू किया जा रहा है ताकि भाजपा को फायदा पहुंचाया जा सके। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि मैंने ऐसी 'ओछी पार्टी' कभी नहीं देखी। ममता ने कहा कि केंद्रीय बलों का काम शांति बनाए रखना है, हमें इससे कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन अगर वे लोगों को वोट डालने से रोकेंगे तो क्या होगा? मैं महिलाओं से अनुरोध करूंगी कि वे अपने हाथों में झाड़ू रखें और बूट पहने एवं हथियार लिए लोगों के खिलाफ मजबूती से खड़ी हों। मैं किसी को हमला करने या दंगा भड़काने के लिए नहीं कह रही, लेकिन अपने अधिकारों की रक्षा के लिए आपको हर संभव प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि मैंने आपके अधिकारों की रक्षा के लिए उच्चतम न्यायालय तक में याचिका दायर की, और उसके बाद ही 32 लाख मतदाताओं के नाम दर्ज किए गए। ममता ने सवाल किया कि इतनी बड़ी संख्या में केंद्रीय बलों को पश्चिम बंगाल क्यों बुलाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर आपका एकमात्र उद्देश्य यहां शांति बनाए रखना था, तो आप राज्य पुलिस का इस्तेमाल कर सकते थे। ऐसा करने के बजाय, आपने उनकी सारी शक्तियां छीनकर बाहर से केंद्रीय बलों को क्यों बुलाया? प्राकृतिक आपदा या दंगे के दौरान तो इतनी बड़ी संख्या में केंद्रीय बल नहीं दिखाई देते। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की कि अगर उन्हें किसी पुलिस अधिकारी द्वारा प्रताड़ित किया जाए तो वे उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा प्रताड़ित किए जाने पर तुरंत शिकायत दर्ज कराएं।

## ईंधन कीमत स्थिर: पेट्रोल पर प्रति लीटर 18 रुपये, डीजल पर 35 रुपये का नुकसान

**नयी दिल्ली :** कच्चे माल की लागत में भारी बढ़ोतरी के बावजूद सरकारी तेल विपणन कंपनियों के पंप कीमतों को स्थिर रखे हुए हैं जिसके कारण पेट्रोल पर नुकसान बढ़कर 18 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 35 रुपये प्रति लीटर हो गया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। कीमतों को एक दशक से अधिक पहले विनियमन-मुक्त किए जाने के बावजूद सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने अप्रैल 2022 से पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इस दौरान वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव रहा। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाने से लेकर इस साल की शुरुआत में लगभग 70 डॉलर तक गिरावट और फिर अमेरिका-इजराइल के ईरान पर हमलों के बाद पिछले महीने लगभग 120 डॉलर तक का उछाल। सूत्रों ने बताया कि पिछले महीने ये तीनों कंपनियां प्रतिदिन करीब 2,400 करोड़ रुपये का नुकसान उठा रही थीं, जो अब सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल पर 10-10 रुपये प्रति लीटर उत्पाद शुल्क में कटौती के बाद घटकर लगभग 1,600 करोड़ रुपये प्रतिदिन रह गया है। यह कटौती उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचाई गई बल्कि नुकसान की भरपाई में इस्तेमाल की गई। उन्होंने बताया कि मार्च में हुए नुकसान ने जनवरी-फरवरी में हुई कमाई को पूरी तरह खत्म कर दिया है और ऐसे आसार हैं कि ये कंपनियां जनवरी-मार्च तिमाही में घाटा दर्ज करेंगी। रिपोर्ट में कहा गया कि कच्चे तेल की कीमत में हर 10 डॉलर प्रति बैरल की वृद्धि से विपणन नुकसान में करीब छह रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी होती है। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे प्रमुख राज्यों में चुनाव के बाद ईंधन की खुदरा कीमतों में वृद्धि के आसार हैं।

## ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बात की, पश्चिम एशिया संकट के बारे में जानकारी दी

**नयी दिल्ली :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बातचीत की, जिस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में हुई महत्वपूर्ण प्रगति का जायजा लिया। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने यह जानकारी दी। गोर ने कहा कि भारत और अमेरिका के ऊर्जा सहित अन्य क्षेत्रों में जल्द कुछ बड़े सौदों पर दस्तखत करने की उम्मीद है। उन्होंने कुछ चुनिंदा संवाददाताओं के समूह को बताया कि फोन पर हुई लगभग 40 मिनट की बातचीत में ट्रंप ने मोदी को पश्चिम एशिया की स्थिति के बारे में जानकारी दी।




अतिरिक्त एसी के इस्तेमाल के लिए इलेक्ट्रिक मीटर में लोड की वृद्धि हेतु ऑनलाइन आवेदन करें। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि आप कृपया एसी लोड की मंजूरी लें जिससे हम आपके और आसपड़ोस के घरों में स्थाई रूप से बिजली प्रदान कर सकें।

**www.cesc.co.in** पर लॉग ऑन करें या हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें।

For immediate assistance **1912 / 033 44031912 / 033 35011912 / 18605001912**

visit: www.cesc.co.in | Follow us on

**पोइला बैसाख की शुभकामनाएं**

**मेरे प्यारे पश्चिम बंगाल वासियों,**
**जय माँ काली!**

आप सभी को नववर्ष और पोइला बैसाख की असीम शुभकामनाएं। आज इस शुभ दिन पर मैं ह्रदय से माँ काली से प्रार्थना करता हूँ कि पश्चिम बंगाल की मेरी प्यारी जनता एक नई उमंग और उत्साह के साथ अपने सुखद भविष्य की ओर आगे बढ़े।

पिछले 15 वर्षों में पश्चिम बंगाल जिस अव्यवस्था, कुशासन और भ्रष्टाचार की राजनीति का शिकार बना हुआ है, उसमें समस्त जन-मानस के मौलिक अधिकार, उनका सम्मान और पश्चिम बंगाल की संस्कृति कुचल दी गई हैं। आज जब मैं पश्चिम बंगाल के लोगों के दुःख और पीड़ा को देखता हूँ, तो मन व्यथित हो उठता है। राज्य की सरकार ने जो भय का वातावरण बनाया है, उसमें माताओं बहनों की सुरक्षा, युवाओं का रोजगार और गरीब का अधिकार सब छिन चुका है।

पश्चिम बंगाल ने सदैव हमारे देश और समाज को नई राह दिखाई है।आज शुभ नववर्ष के दिन, आइए हम सब मिलकर एक नवजागरण का संकल्प लें। हम एक नया पश्चिम बंगाल बनाएँगे, जहाँ हर गरीब के सर पर छत होगी, सबकी थाली में अन्न होगा, महिलाएं बिना डर के अपने घर से बाहर निकल सकेंगी, युवाओं को रोजगार के लिए अपना घर छोड़कर दूसरे राज्य में नहीं जाना पड़ेगा। आज मैं आपको भरोसा दिलाता हूँ कि प्रदेश में बीजेपी सरकार बनने के बाद पश्चिम बंगाल पूरे देश के साथ कंधे से कंधा मिलाकर विकास की राह पर आगे बढ़ेगा और अपने इतिहास को पुनः स्थापित करते हुए फिर से विकसित भारत का मार्गदर्शक बनेगा।

साथियों, आने वाला चुनाव मात्र एक चुनाव नहीं है। यह चुनाव पश्चिम बंगाल का भविष्य निर्धारण करने और असली परिवर्तन लाने का एक सुनहरा अवसर है। अब समय आ गया है अपनी सभ्यता, अपनी संस्कृति, अपनी उन्नति, अपने अधिकारों को बचाने के लिए एक सही कदम उठाने का। यह भय और भरोसे के बीच की लड़ाई है। इस चुनाव में हमें केवल अपने लिए नहीं बल्कि अपनी आने वाली पीढ़ी के सुखद भविष्य के लिए सही फैसला लेना पड़ेगा।

आप सभी से मेरी अपील है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में बिना भय के बढ़-चढ़ कर भाग लें और विकसित पश्चिम बंगाल के सपने को साकार करने में सहभागी बनें।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि पश्चिम बंगाल की जनता इस बार भारतीय जनता पार्टी और मुझ पर भरोसा दिखाते हुए हमें अभूतपूर्व विजय दिलाएगी।

**एक बार फिर आप सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं।**

**आपका अपना,**

नरेन्द्र मोदी



कमल के निशान वाला बटन दबाएं भाजपा को विजयी बनाएं

भाजपा

# बंगाल को विभाजित किये बिना गोरखा समस्या का संवैधानिक रूप से समाधान करेंगे : अमित शाह

## गृह मंत्री ने घुसपैठ और बॉर्डर फेंसिंग से जुड़े मुद्दे मुद्दों पर ममता सरकार को घेरा



**दक्षिण दिनाजपुर/मालदह :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि अगर भाजपा राज्य की सत्ता में आती है तो दार्जिलिंग पहाड़ियों में निवास करने वाले गोरखा समुदाय के मुद्दे का वह राज्य का विभाजन किए बिना संवैधानिक तरीके से समाधान करेगी। दक्षिण दिनाजपुर जिले के गंगारामपुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने भाजपा के चुनाव घोषणापत्र में उत्तर बंगाल के लिए घोषित विकास परियोजनाओं का उल्लेख किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मैं दार्जिलिंग के अपने गोरखा भाइयों से कहना चाहता हूं कि सत्ता में आने पर भाजपा न केवल पहाड़ियों में एक पर्यावरण-अनुकूल रोमांचक खेल केंद्र विकसित करेगी, बल्कि राज्य को विभाजित किए बिना संवैधानिक तरीके से गोरखा मुद्दे का समाधान भी करेगी। राज्य में घुसपैठियों के मुद्दे को रेखांकित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा राज्य में राजनीतिक हिंसा, 'सिंडिकेट' और रिश्वतखोरी के राज को समाप्त करेगी और घुसपैठियों को प्राथमिकता के आधार पर निष्कासित करेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर बंगाल में कमल के चिह्न के बगल में स्थित ईवीएम बटन को इतनी जोर से दबाएं जिससे पूरे भारत में घुसपैठिए बिजली का झटका महसूस कर सकें। शाह ने लोगों से राजनीतिक हिंसा के डर के बिना मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग ने 'ममता बनर्जी के गुंडों पर लगाम लगाने के लिए' पर्याप्त केंद्रीय बल तैनात किए हैं। उन्होंने कहा कि इस बार न तो तृणमूल कांग्रेस के गुंडे और न ही पार्टी द्वारा पनाह दिए गए घुसपैठिए पश्चिम बंगाल के मतदाताओं को धमका पाएंगे। शाह ने वादा किया कि पश्चिम बंगाल से अन्य राज्यों को आलू की आपूर्ति करने की अनुमति दी जाएगी ताकि यहां के किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य मिल सके।

**✒ राष्ट्रपति मुर्मू के अपमान का मुद्दा उठाया**

शाह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मार्च में हुई यात्रा के दौरान प्रोटोकॉल उल्लंघन और अंतिम समय में कार्यक्रम स्थल में बदलाव को लेकर राज्य प्रशासन के प्रति जताई गई निराशा का हवाला देते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने देश के संवैधानिक प्रमुख का लगातार 'अपमान' किया है। उन्होंने कहा कि मैं बी आर आंबेडकर की जयंती के अवसर पर यह कहता हूं, राज्य की जनता ममता बनर्जी द्वारा हमारी आदिवासी राष्ट्रपति के प्रति दिखाए गए अनादर को कभी माफ नहीं करेंगी। शाह ने अग्रणी नेता की दलित जड़ों और राष्ट्रपति द्वारा देश के आदिवासी समुदायों के प्रतिनिधित्व के बीच स्पष्ट समानताएं बताईं।

**✒ घोषणापत्र में किए गए वादों को दोहराया**

शाह ने पार्टी के घोषणापत्र में किए गए वादों को भी दोहराया कि उत्तरी बंगाल में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), 600 बिस्तर के कैंसर अस्पताल, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईएमएम) और खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोगों द्वारा लंबे समय से की जा रही मांग का सम्मान करते हुए राजबंशी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाएगा।

### कालियागंज में अमित शाह ने किया रोड शो

**उत्तर दिनाजपुर :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को चुनाव चुनाव के लिए उत्तर दिनाजपुर जिले के कालियागंज में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों के समर्थन में रोड शो किया। कालियागंज से भाजपा उम्मीदवार उत्पल महाराज और राज्य के अन्य नेताओं के साथ शाह ने फूलों से सजे ट्रक के ऊपर से लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया और सड़क पर खड़े हजारों पार्टी समर्थक 'ढाक' (पारंपरिक ढोल) की थाप के बीच नारे लगा रहे थे। चिलचिलाती धूप के बीच रोड शो भाजपा के गढ़ शहर के पार्वती सुंदरी हाई स्कूल मैदान से शुरू हुआ और एक किमी से अधिक की दूरी तय की। रोड शो के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। लोग शाह की एक झलक पाने के लिए संकरी सड़कों के दोनों ओर और आसपास की इमारतों के ऊपर मौजूद थे और ट्रक पर पंखुड़ियों की वर्षा की।

# 'बर्नोल' नहीं, हम आइसक्रीम देंगे : ममता

**मेदिनीपुर/हावड़ा :** तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने मंगलवार को लोगों से भाजपा के खिलाफ वोट देने का आग्रह करते हुए कहा कि भाजपा ने आपसे सब कुछ छीन लिया है, इसके खिलाफ वोट देना ही आपके लिए बदला लेने का एकमात्र तरीका होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा उन स्थानों पर रैलियां कर रही है जिनका उत्तर प्रदेश और बिहार से सीधा रेल संपर्क है, ताकि वे उन राज्यों से लोगों को लाकर रैलियों के आयोजन स्थलों को भर सकें। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि चुनाव से पहले, बूथ एजेंटों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए हैं। ममता ने कहा कि टीएमसी चुनावों में भाजपा को 'एक मजबूत राजनीतिक लड़ाई' के माध्यम से हराएगी। 'बर्नोल' और 'बोरोलीन' शब्दों के इस्तेमाल को लेकर उठे विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए ममता ने कहा कि बर्नोल' नहीं, हम आइसक्रीम देंगे। इतना डरने की क्या जरूरत है? जो लोग दूसरों को 'बर्नोल' से जलाने की बात कर रहे हैं, उनसे कहा जाना चाहिए कि आइसक्रीम उन्हें ठंडा रखने में मदद करेगी। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने मतदान प्रक्रिया पर चिंता जताते हुए आरोप लगाया कि गिनती के दौरान बाहरी लोगों को लाकर व्यवधान पैदा किया जा सकता है, जिसमें बिजली कटौती या ईवीएम से छेड़छाड़ शामिल है, जो कि 'अलोकतांत्रिक' है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा सोमवार को कंसल्टेंसी फर्म आई-पैक के सह-संस्थापक विनेश चंदेल की गिरफ्तारी का स्पष्ट रूप से जिक्र करते हुए ममता ने आरोप लगाया कि चुनावों से पहले बूथ एजेंटों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि कोई भी मतदान केंद्रों पर न बैठ सके। उन्होंने कहा कि टीएमसी कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करने के आदेश दिए जा रहे हैं। ईडी और सीबीआई आधी रात को छापे मार रही हैं। लेकिन यह आसान नहीं होगा, क्योंकि अगर एक को गिरफ्तार किया जाएगा तो लाखों लोग बाहर आ जाएंगे।



ममता ने जनसभा से पहले डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# भाजपा-आरएसएस की 'नफरत भरी सोच' संविधान को नष्ट कर रही है : राहुल गांधी

## 'बंगाल में बढ़ रही बेरोजगारी और बंद हो रहे उद्योग', कांग्रेस नेता ने तृणमूल के खिलाफ खोला मोर्चा



**उत्तर दिनाजपुर/मालदह :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की 'नफरत भरी सोच' संविधान को नष्ट कर रही है। उन्होंने यह भी दावा किया कि राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस राज्य के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के अपने वादे को पूरा करने में विफल रही है। उत्तर दिनाजपुर, मालदह और मुर्शिदाबाद जिलों में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि बंगाल के निवासी 'नफरत फैलाने वाली' भाजपा और जनविरोधी तृणमूल कांग्रेस के बीच फंसे हुए हैं। उन्होंने कांग्रेस को जनता के कल्याण के लिए एकमात्र विकल्प बताया। गांधी ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार के भ्रष्टाचार और गलत शासन नीतियों में लिप्त होने से राज्य में भाजपा के प्रभाव के प्रसार का मार्ग प्रशस्त हुआ। उन्होंने कहा कि अगर तृणमूल ने हिंसा न की होती और सुशासन दिया होता, तो भाजपा यहां पैर भी नहीं जमा पाती। कांग्रेस नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पांच लाख लोगों को नौकरियां देने का वादा किया था। लेकिन 84 लाख युवाओं ने बेरोजगारी भत्ते के लिए आवेदन किया है। गांधी ने कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद, एसआईआर के तहत मतदाता सूची से गलत तरीके से हटाए गए लोगों के नाम बहाल कर दिए जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस पूरे देश में भाजपा का मुकाबला नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो भाजपा के खिलाफ मुकाबला कर सकती है और उसे हरा सकती है। गांधी ने पश्चिम बंगाल में बेरोजगारी के लिए तृणमूल को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल ने बंगाल के सभी उद्योगों को बंद कर दिया और सिंडिकेट के जरिए राज्य चला रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने बंगाल के लिए बकाया दो लाख करोड़ रुपये नहीं दिए हैं और मनरेगा के तहत राज्य को कोष से भी वंचित रखा है। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर प्रधानमंत्री मोदी और तृणमूल पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि अगर मोदी देश के सबसे भ्रष्ट प्रधानमंत्री हैं, तो तृणमूल ने बंगाल में भ्रष्टाचार के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध और राजनीतिक हिंसा में वृद्धि का आरोप लगाते हुए गांधी ने कहा कि बंगाल में पूर्णतः तानाशाही चल रही है। शारदा और रोज वैली जैसे पोंजी घोटालों का जिक्र करते हुए उन्होंने दावा किया कि तृणमूल सदस्यों द्वारा संचालित सिंडिकेट भ्रष्टाचार से लाभ उठाते हैं। गांधी ने तृणमूल पर हिंसा में शामिल होने और झूठे वादे करने का भी आरोप लगाया। बंगाल के लोगों से कांग्रेस के पक्ष में वोट देने की अपील करते हुए उन्होंने पार्टी के घोषणापत्र के वादों को दोहराया। इनमें हर नागरिक को 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा, प्रत्येक किसान को 15,000 रुपये, कृषि कार्यों के लिए 200 यूनिट मुफ्त बिजली और हर महिला को 2,000 रुपये देने का वादा शामिल है।

# बंगाल में भय का माहौल, हत्याएं-दुष्कर्म-दंगे व राजनीतिक हिंसा चरम पर : मोदी

## 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत पीएम ने प्रदेश के कार्यकर्ताओं से किया संवाद

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को दावा किया कि राज्य में भय का माहौल है, जहां हत्या, बलात्कार, दंगे और राजनीतिक हिंसा की घटनाएं चरम पर पहुंच गई हैं। मोदी ने कहा कि राज्य में लोगों के बीच भाजपा को लेकर ऊर्जा और उत्साह वास्तव में उल्लेखनीय है। मोदी ने 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत प्रदेश भाजपा के कार्यकर्ताओं से डिजिटल माध्यम से संवाद करते हुए कहा कि राज्य के लोग वाम मोर्चा के शासन में हुए अत्याचारों से मुक्ति पाने के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को सत्ता में लाए थे, लेकिन ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार अपनी पूर्ववर्ती सरकारों से भी आगे निकल गई है। मोदी ने कहा कि उन्हें पूरे पश्चिम बंगाल में भय का माहौल दिखाई दे रहा है, जहां युवा नौकरी को लेकर चिंतित हैं, आलू किसान टीएमसी के सिंडिकेट से डरते हैं और सरकारी कर्मचारियों को अपने अधिकार पाने के लिए अदालत का सहारा लेना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बंगाल में भय का वातावरण है। हत्याएं, बलात्कार, दंगे और राजनीतिक हिंसा अपने चरम पर हैं। हर कोई बहुत परेशान है। प्रधानमंत्री ने टीएमसी शासन को 'कट-मनी' सरकार करार देते हुए कहा कि यह आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार ने भ्रष्टाचार को संस्थागत रूप दे दिया है। मोदी ने यह दावा भी किया कि घुसपैठियों के कारण राज्य के लोगों में बड़ी चिंता है।



उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में वे जनसांख्यिकी के लिए खतरा बन गए हैं। मोदी ने कहा कि पिछले कुछ दिन में उन्हें पश्चिम बंगाल के हर हिस्से में जाने और लोगों से मिलने का अवसर मिला, और उनके बीच भाजपा के प्रति जो ऊर्जा, उत्साह व जोश उन्होंने देखा, वह वास्तव में उल्लेखनीय है। मोदी ने कहा कि यह आप सभी बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का परिणाम है। हर कार्यक्रम में मैं आपकी मेहनत देखता हूं और समाज के सभी वर्ग सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। यह अपने आप में बहुत उत्साहजनक अनुभव है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की अटूट प्रतिबद्धता पार्टी की जड़ों को और मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' के मंत्र के साथ आप अपने-अपने बूथ पर लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंच रहे हैं और टीएमसी की निर्दयी सरकार के भय के बारे में अच्छी तरह लोगों को बता रहे हैं। मोदी ने कहा कि आगामी पश्चिम बंगाल चुनावों के लिए भाजपा के घोषणापत्र को भी लोग काफी सराह रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं तक व्यापक रूप से पहुंचें और उनकी छोटी लेकिन महत्वपूर्ण समस्याओं का समाधान करें। आरजी कर (बलात्कार) और संदेशखाली जैसे प्रमुख मुद्दों पर स्पष्ट रूप से बात करें, ताकि लोगों को याद रहे कि टीएमसी नेता वोट मांगते समय विनम्रता से बात करते हैं, लेकिन सत्ता में आने के बाद दमन का सहारा लेते हैं। चाय बागान के मजदूरों का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि पड़ोसी राज्य असम में चाय बागान श्रमिकों को काफी मदद मिल रही है, उन्हें जमीन के अधिकार मिले हैं और उनके लिए घर भी बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल में टीएमसी सरकार इसपर बिल्कुल ध्यान नहीं देती।

### मतगणना केंद्र घटे, सुरक्षा को लेकर चुनाव आयोग का बड़ा निर्णय

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में मतगणना केंद्रों की संख्या को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है, जिसके तहत सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए राज्य में मतगणना केंद्रों की संख्या घटाकर आधी कर दी गई है। चुनाव आयोग ने अंतिम निर्णय लेते हुए राज्य में कुल 87 मतगणना केंद्र निर्धारित किए हैं। इससे पहले 165 केंद्रों पर मतगणना कराने का प्रस्ताव था, जिसे बाद में घटाकर 150 किया गया था। इसके बाद पुनः समीक्षा में यह संख्या 112 तक पहुंची और अंततः सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद इसे 87 पर अंतिम रूप दिया गया। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने जानकारी दी है कि 2026 विधानसभा चुनाव में राज्य की 294 विधानसभा सीटों के परिणाम इन्हीं 87 मतगणना केंद्रों से घोषित किए जाएंगे।

### दक्षिण कोलकाता के डीईओ को नोटिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस की शिकायत के आधार पर चुनाव आयोग दक्षिण कोलकाता के जिला निर्वाचन अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने जा रहा है, जिन पर आरोप है कि उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया पर मतदाताओं को बोरोलिन और बर्नोल रखने की सलाह दी थी। तृणमूल कांग्रेस का कहना है कि इस पोस्ट के जरिए मतदाताओं के बीच भय का माहौल बनाने की कोशिश की गई है। शिकायत मिलने के बाद चुनाव आयोग ने संबंधित अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। चुनाव आयोग के सोशल मीडिया अकाउंट पर जारी एक पोस्ट को लेकर भी बड़ा विवाद खड़ा हो गया है, जिसमें एक ओर मतदाताओं से निर्भय होकर मतदान करने की अपील की गई थी, वहीं दूसरी ओर कैप्शन को लेकर राजनीतिक विवाद गहरा गया है।

# विधानसभा चुनाव : राज्य में 2,926 उम्मीदवार मैदान में, नामांकन प्रक्रिया पूरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव को लेकर अहम जानकारी जारी करते हुए बताया कि राज्य में कुल 2,926 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। यह आंकड़ा नामांकन वापसी की अंतिम तिथि के बाद सामने आया है। आयोग के अनुसार, पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि नौ अप्रैल तय की गई थी, जबकि 10 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच हुई। उम्मीदवारों को नाम वापस लेने के लिए 13 अप्रैल को दोपहर 3 बजे तक का समय दिया गया था। नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जारी आंकड़ों के मुताबिक, राज्य के पहले चरण में 152 विधानसभा सीटों पर 1,478 उम्मीदवार मैदान में हैं। वहीं, दूसरे चरण में 142 सीटों के लिए 1,448 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इस तरह दोनों चरणों को मिलाकर कुल 2,926 उम्मीदवार चुनावी दौड़ में शामिल हैं। आयोग ने बताया कि रिटर्निंग अधिकारी चुनाव संचालन नियम, 1961 के तहत सभी उम्मीदवारों की अंतिम सूची सरकारी राजपत्र में प्रकाशित करेंगे। साथ ही, प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में नामांकन, जांच और नाम वापसी से जुड़े सभी दस्तावेजों को सुरक्षित रूप से सीलबंद रखा जाएगा। मतदाताओं की सुविधा के लिए आयोग ने नागरिकों से ईसीआईनेट अनुप्रयोग के 'अपने उम्मीदवार को जानें' खंड का उपयोग करने की अपील की है। इसके जरिए मतदाता उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता, आपराधिक पृष्ठभूमि, संपत्ति और देनदारियों जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां देख सकते हैं और उनके शपथ पत्र भी डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा, आयोग ने स्पष्ट किया कि ईवीएम पर बैलेट यूनिट में उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीर, क्रम संख्या, नाम और चुनाव चिह्न बड़े अक्षरों में प्रदर्शित किए जाएंगे, ताकि मतदाताओं को मतदान के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# भाजपा शासित राज्यों में किया जाता है बांग्लाभाषी लोगों को परेशान : अभिषेक बनर्जी

**कूचबिहार :** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भाजपा-शासित राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों को बांग्लादेशी बताकर परेशान किया जा रहा है और उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है। अभिषेक बनर्जी ने उत्तर बंगाल के कूचबिहार में रोड शो के बाद एक सभा में अपने संबोधन में नरेन्द्र मोदी-नीत सरकार पर आरोप लगाया कि वह बंगाल को उसका जायज हक नहीं दे रही है, क्योंकि राज्य की जनता तृणमूल को बार-बार विजयी बनाकर सत्ता में ला रही है। तृणमूल महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कहा कि वे भाजपा शासित राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों को सता रहे हैं और प्रताड़ित कर रहे हैं। उन्होंने हमारे आदर्शों का अपमान किया है, हमारी संस्कृति को नीचा दिखाया है, हमारी खान-पान की आदतों को नियंत्रित करने की कोशिश की है, हमारी भाषा की वैधता पर सवाल उठाया है और सबसे बढ़कर, लोगों को उनके लोकतांत्रिक अधिकारों से वंचित करने की साजिश रची है। तृणमूल सांसद ने यह भी कहा कि भाजपा शासित राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों पर हमले किए जा रहे हैं, उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है और उन्हें बांग्लादेशी करार दिया जा रहा है। कई क्षेत्रों में तो मछली और मांस की बिक्री एवं सेवन पर भी प्रतिबंध लगाया जा रहा है। अभिषेक बनर्जी ने इस बात पर पूरा भरोसा जताया कि विधानसभा चुनाव के नतीजे के दिन चार मई को बंगाल की जनता 'दंभी एवं बंगाल विरोधी जमींदारों' को सबक सिखा देगी। उन्होंने कहा कि राजबंशी और मतुआ जैसे समुदायों के प्रति भाजपा के प्रेम का खोखलापन तब उजागर हो गया जब मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के माध्यम से इन समुदायों के लाखों सदस्यों के नाम मनमाने ढंग से हटा दिए गए। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि तृणमूल यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी वैध मतदाता मतदाता सूची से बाहर न रह जाए। धूपगुड़ी विधानसभा सीट के भाजपा उम्मीदवार पर महात्मा गांधी को 'देशद्रोही' बताने का आरोप लगाते हुए अभिषेक बनर्जी ने कहा कि भाजपा की संस्कृति ही ऐसी है कि वह राष्ट्रपिता के बारे में इस तरह की अपमानजनक टिप्पणी करती है।



समर्थकों के साथ अभिषेक बनर्जी

# चुनाव में लापरवाही या हिंसा पर जीरो टॉलरेंस अपनाएगा आयोग, बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन अधिकारियों ने राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए सख्त रुख अपनाया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि के प्रति शून्य सहनशीलता नीति अपनाई जाएगी। जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक, पुलिस आयुक्त और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जिला समन्वयकों की बैठक में चुनावी कदाचार और मतदाताओं को प्रभावित करने के प्रयासों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्णय लिया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सोमवार को उपचुनाव आयुक्त ज्ञानेश भारती के नेतृत्व में चुनाव आयोग की एक टीम बंगाल पहुंची है। वे लगातार बैठकें कर रहे हैं। देर रात तक बैठक हुई है। इसमें सभी अधिकारियों को स्पष्ट कर दिया गया है कि हर मतदाता को बिना किसी भय या दबाव के अपने मताधिकार का उपयोग करने का अधिकार है और प्रशासन इसे सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि बूथ कब्जा और मतदान में बाधा डालने जैसी गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। केंद्रीय बल के एक समन्वयक ने कहा कि पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती के साथ सघन निगरानी की जाएगी और किसी भी उल्लंघन पर कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई होगी। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि सरकारी विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों, स्वायत्त निकायों और स्थानीय निकायों के कर्मचारी पूरी तरह निष्पक्ष रहें और किसी भी राजनीतिक गतिविधि से दूर रहें। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों से तटस्थता बनाए रखने की अपेक्षा है और किसी भी तरह की लापरवाही पर अनुशासनात्मक तथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि इस समन्वित पहल का उद्देश्य मतदाताओं के बीच विश्वास मजबूत करना है, ताकि हर मतदाता बिना किसी भय के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।

### सरकार ने जिला अधिकारियों और पुलिस को संवेदनशील मतदान क्षेत्रों का दौरा करने का दिया निर्देश

बंगाल सरकार ने मंगलवार को जिला प्रशासन और पुलिस को विधानसभा चुनावों से पहले विश्वास बढ़ाने के उपायों के तहत अगले तीन दिनों के भीतर संवेदनशील क्षेत्रों का संयुक्त दौरा करने का निर्देश दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मुख्य सचिव दुष्यंत नारियाला ने एक पत्र में जिलाधिकारियों(डीएम), पुलिस आयुक्तों (सीपी) और पुलिस अधीक्षकों (एसपी) से उन इलाकों की पहचान करने को कहा है जहां पिछले चुनावों के दौरान हिंसा या धमकी की घटनाएं हुई थीं। पत्र में कहा गया है कि डीएम/डीईओ को सीपी/एसपी और जिला बल समन्वयकों के साथ अगले दो-तीन दिनों के भीतर ऐसे स्थानों का दौरा करना चाहिए। पत्र में यह भी कहा गया है कि जनता का विश्वास बढ़ाने के लिए इन दौरों को मीडिया द्वारा कवर किया जाना चाहिए। एक अधिकारी ने बताया कि इसका उद्देश्य मतदाताओं को आश्वस्त करना और चिह्नित क्षेत्रों में शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करना है। सभी जिला अधिकारियों को 16 अप्रैल को शाम पांच बजे तक संयुक्त दौरों पर अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

# चुनाव : निर्वाचन आयोग बड़ी संख्या में बसों को अधिग्रहित करने पर कर रहा है विचार

## कई निजी स्कूल कुछ दिनों के लिए ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करने पर विचार कर रहे

**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वाचन आयोग विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण (29 अप्रैल) से पहले मतदान ड्यूटी के लिए बड़ी संख्या में बस, कार और अन्य वाहन अधिग्रहित कर सकता है, जिससे शहर और आसपास के जिलों में परिवहन के साधनों की कमी की आशंका जताई जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचन आयोग 27 अप्रैल से वाहनों का अधिग्रहण शुरू करेगा, जिससे शहर की सड़कों पर बसों, स्कूल वाहनों और कैब की संख्या में उल्लेखनीय कमी आ सकती है। एक अधिकारी ने कहा कि मतदान प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए आवश्यकता के अनुसार वाहनों का अधिग्रहण किया जा रहा है और इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। नगर उपनगरीय बस सेवा के महासचिव टिटो साहा ने कहा कि उन दिनों में शहर की सड़कों पर परिवहन के साधनों की कमी हो सकती है।

इस बार, सामान्य से अधिक वाहनों की मांग की जा रही है, जिससे लोगों को बसों की सेवा मिलने में कठिनाई हो सकती है। उन्होंने बताया कि कैब सेवाओं पर भी असर पड़ने की संभावना है। 'ऑनलाइन कैब ऑपरेटर्स गिल्ड' के महासचिव इंद्रनील बंद्योपाध्याय ने कहा कि चुनाव कार्य के लिए बड़ी संख्या में कैब बुक की जाएंगी, इसलिए उनकी उपलब्धता सीमित रहेगी। इसी तरह की चिंता व्यक्त करते हुए, पूल कार ऑपरेटर के प्रतिनिधि सुदीप दत्ता ने कहा कि चुनाव कार्य के लिए बड़ी संख्या में कारें बुक की गई हैं। हम छात्रों के परिवहन की जिम्मेदारी लेने की स्थिति में नहीं होंगे। इसके मद्देनजर, कई निजी स्कूल कुछ दिनों के लिए ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करने पर विचार कर रहे हैं।

# विधानसभा चुनाव : हुगली में तैयारियों पर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक




**हुगली, समाज्ञा :** आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 की तैयारियों के मद्देनजर हुगली के सर्किट हाउस में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश भारती (आईएएस) ने की। इस अवसर पर आयोग के प्रधान सचिव एस.बी. जोशी भी उपस्थित रहे। बैठक में जिला प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें कलक्टर खुर्शीद अली कादरी, पुलिस कमिश्नर सुनील कुमार यादव, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कुमार सनी राज तथा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जिला समन्वयक सहित अन्य अधिकारी शामिल थे। इसके अलावा, विधानसभा चुनाव 2026 के लिए नियुक्त सभी वरिष्ठ प्रेक्षक भी बैठक में मौजूद रहे। बैठक के दौरान जिले में चुनावी तैयारियों के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। अति संवेदनशील मतदान केंद्रों की पहचान और उनके प्रबंधन, मतदाता सूचना पर्चियों के वितरण तथा मतदान सहायता बूथों के संचालन पर विशेष चर्चा हुई। सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की तैयारियों का भी आकलन किया गया। इसके साथ ही जब्ती और प्रवर्तन कार्यवाहियों की निगरानी, संभावित हिंसा की रोकथाम और उससे जुड़े मामलों पर विशेष जोर दिया गया। आयोग ने पिछले पुनर्मतदान के मामलों और उन पर की गई कार्रवाई की भी समीक्षा की। बाउंड डाउन मामलों, संवेदनशीलता मानचित्रण तथा जिले की समग्र कानून-व्यवस्था की स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। मतदाताओं की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए मतदान केंद्रों पर न्यूनतम अनिवार्य सुविधाओं की उपलब्धता का आकलन किया गया। इसके अलावा, चुनाव प्रबंधन के लिए स्थापित एकीकृत नियंत्रण कक्ष की कार्यप्रणाली और उसकी तैयारियों की भी समीक्षा की गई। उप निर्वाचन आयुक्त ने तैयारियों पर संतोष व्यक्त करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि चुनाव प्रक्रिया को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया जाए।

# चुनाव से पहले हावड़ा में मतदाता जागरूकता अभियान, निर्भय होकर मतदान की अपील



**हावड़ा, समाज्ञा :** आगामी चुनावों को देखते हुए मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से हावड़ा प्रशासन द्वारा विशेष पहल की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार शाम हावड़ा के उत्तर क्षेत्र स्थित पिलखाना इलाके में जिला प्रशासन और हावड़ा सिटी पुलिस ने संयुक्त रूप से जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान के दौरान जिला शासक और हावड़ा सिटी पुलिस कमिश्नर ने स्थानीय लोगों से सीधे संवाद किया और उन्हें लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों ने मतदाताओं से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के भय या दबाव में आए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करें। प्रशासन की ओर से यह भी आश्वासन दिया गया कि मतदान दिवस पर सुरक्षा के व्यापक और पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे, ताकि सभी मतदाता सुरक्षित एवं निष्पक्ष वातावरण में मतदान कर सकें। इस जनसंपर्क अभियान में पुलिस और प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान में पूर्ण सहयोग का भरोसा व्यक्त किया।

# विधानसभा चुनाव : धापा में प्रचार के दौरान भाजपा और तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प, कई गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार कर रही सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और मुख्य विपक्षी भाजपा के कार्यकर्ताओं की मंगलवार को पूर्व कोलकाता के धापा इलाके में झड़प हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि यह घटना तब घटी जब इंटाली से भाजपा प्रत्याशी प्रियंका टिबरेवाल कोलकाता नगर निगम के वार्ड 58 में चुनाव प्रचार कर रही थीं। पुलिस ने बताया कि लाउडस्पीकर पर गाने बजाने को लेकर शुरू हुआ विवाद जल्द ही हाथापाई में तब्दील हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय बलों और स्थानीय पुलिस ने हस्तक्षेप किया और स्थिति को नियंत्रित करते हुए टिबरेवाल एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं को इलाके से बाहर निकाला। टिबरेवाल ने इस घटना के मद्देनजर तंगरा और प्रगति मैदान थानों के प्रभारी अधिकारियों को निलंबित करने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि हमारे एक कार्यकर्ता को बुरी तरह पीटा गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। हिंसा में कुछ महिला पुलिसकर्मी भी घायल हुईं। तृणमूल समर्थक भाजपा कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने की कोशिश कर रहे हैं ताकि 29 अप्रैल को स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान न हो सके। टिबरेवाल ने आरोप लगाया कि धापा और तंगरा क्षेत्रों में प्रचार करने की अनुमति होने के बावजूद, भाजपा कार्यकर्ताओं को डराया-धमकाया जा रहा था। उन्होंने दावा किया कि निष्पक्ष माहौल सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती आवश्यक है, लेकिन स्थानीय पुलिस प्रभावी ढंग से उसकी तैनात नहीं कर रही है। आरोपों का खंडन करते हुए तृणमूल प्रत्याशी संदीपन साहा ने भाजपा पर तनाव बढ़ाने और मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने का आरोप लगाया।

## चोपड़ा में कांग्रेस उम्मीदवार की रैली पर हमला, इलाके में तनाव



**उत्तर दिनाजपुर :** जिले के चोपड़ा थाना क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार जाकिर अबेदिन की चुनावी रैली पर हमले के बाद इलाके में भारी तनाव फैल गया। घटना मंगलवार को मझियाली ग्राम पंचायत क्षेत्र में हुई है। बताया जा रहा है कि जब विश्वासटोली गांव से गुजरते समय उम्मीदवार के काफिले और बाइक रैली पर अचानक ईंट-पत्थर फेंके गए। इस हमले में कई कार्यकर्ता घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर आईसी केशव बड़ाल भारी पुलिस बल और केंद्रीय बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की। इधर, आरोपित तृणमूल कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की मांग को लेकर उम्मीदवार जाकिर अबेदिन और ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद नसीर उद्दीन गांव में ही धरने पर बैठ गए। फिलहाल, इलाके में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है और सुरक्षा के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

## बरानगर में तृणमूल और भाजपा समर्थकों में झड़प, सजल ने थाने के सामने किया प्रदर्शन

सोमवार की देर रात बरानगर विधानसभा क्षेत्र में भी तृणमूल कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प से तनाव फैल गया। झड़प में दोनों पक्षों के कई कार्यकर्ता घायल हो गए। भाजपा की एक सभा के बाद कार्यकर्ताओं पर हमले का आरोप तृणमूल पर है, जिससे विवाद शुरू हुआ। घटना बरानगर के वार्ड सात के आमतला में घटी, जहां भाजपा की एक सभा खत्म होने के बाद तृणमूल से जुड़े लोग अचानक वहां आ गए। आरोप है कि पहले भाजपा कार्यकर्ताओं को धमकाया और गाली दी गई। फिर उन पर हमला कर दिया गया। बंदूक की बट से पीटे जाने का भी आरोप है। भाजपा ने अपने तीन-चार कार्यकर्ताओ के घायल होने का दावा किया है। बारानगर से भाजपा उम्मीदवार सजल घोष ने घटना के विरोध में बरानगर थाने के सामने पार्टी समर्थकों के साथ रात में प्रदर्शन किया और आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। भाजपा का आरोप है कि इस दौरान भी तृणमूल समर्थकों ने हमला किया। सजल घोष ने दावा किया कि राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल ने प्रदर्शन के दौरान उनको फोन किया और पूरी घटना की जानकारी ली। सीईओ ने उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# राज्यपाल रवि ने राज्य के लोगों को बंगाली नव वर्ष की बधाई दीं

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्यपाल आर.एन. रवि ने मंगलवार को बंगाली नव वर्ष के अवसर पर राज्यवासियों को बधाई दीं। उन्होंने कहा कि यह जीवंत त्योहार बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और अदम्य भावना को दर्शाता है। बांग्ला नव वर्ष 1433 की पूर्व संध्या पर जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि शुभ नव वर्ष! पश्चिम बंगाल के मेरे भाइयों और बहनों को पोइला बैसाख के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं। रवि ने आशा व्यक्त की कि नव वर्ष सभी के लिए खुशहाली और समृद्धि लेकर आएगा। उन्होंने कहा कि आइए हम अपने शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों के 'सोनार' बंगाल के निर्माण के लिए खुद को समर्पित करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि नया साल बहुप्रतीक्षित पुनर्जागरण लाए और हमारी भूमि और लोगों के गौरव को पुनर्स्थापित करे।


**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल अभियंता (IV), हावड़ा, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: डीईएन/4/हावड़ा के अधीन। क्रमांक 1, ई-निविदा सं. 07 _2026-27, दिनांक: 10.04.2026, कार्य का विवरण: सीनि. डीईएन/4/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन एईएन/बोलपुर शांतिनिकेतन के अंतर्गत यार्ड का सुधार एवं यार्डों (बोलपुर शांतिनिकेतन एवं प्रांतिक) का उन्नयन अर्थात् टीएफआर-.525 किमी, टीबीआर1.055 किमी लिफ्टिंग, टर्नआउट, फाउलिंग मार्क, सैंड हम्प, मक डिस्पोजल, पाथवे का सुधार तथा ड्रेनेज का सुधार कार्य तथा अन्य आनुषंगिक कार्यों का निष्पादन। अनुमानित लागत: रु. 4,27,74,459.16; बयाना राशि : रु. 8,55,500। क्रमांक 2, ई-निविदा सं. 08 _2026-27, दिनांक: 10.04.2026, कार्य का विवरण: हावड़ा मंडल: सीनि. डीईएन/4/हावड़ा के अधीन एईएन/रामपुरहाट के अधिकार क्षेत्र के अधीन निम्नलिखित लोकेशन में टीआरआर (पी) -11.40 टीकेएम.: रामपुरहाट-दुमका एसएल 101.5 - 104.8 = 3.300 टीकेएम, एसएल 104.8 - 108.1 = 3.300 टीकेएम, एसएल 108.1 - 111.4 = 3.300 टीकेएम, एसएल - 111.4 -112.9 = 1.5 टीकेएम तथा एईएन/बोलपुर शांतिनिकेतन के अधीन एसएसई/पी.वे/बोलपुर शांतिनिकेतन तथा एसएसई/पी. वे/साइंथिया के अंतर्गत ड्रेन सफाई कार्य का प्रावधान। अनुमानित लागत : रु. 1,91,06,277.03; बयाना राशि : रु. 3,82,100। क्रमांक 3, ई-निविदा सं. 09_2026-27, दिनांक: 10.04.2026, कार्य का विवरण: हावड़ा मंडल सेस मरम्मत-नीचे उल्लेखित लोकेशनों में 86787 घनमी कार्य: सीनि. डीईएन/4/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन एईएन/बोलपुर शांतिनिकेतन के अधीन खाना जंक्शन-साइंथिया: डाउन 7.000 - 7.200 = 630 घनमी, 18.404 - 18.440 = 240 घनमी, 28.700 - 30.226 = 6180 घनमी, 31.800 - 32.343 = 1955 घनमी, 32.405 - 33.688 = 4619 घनमी, 37.000 - 37.550 = 2228 घनमी, 53-53.73-13428 घनमी, 53.89-55-20418 घनमी, अप 22.336 - 22.400 = 259 घनमी, 22.700 - 23.000 = 1215 घनमी, 28.640 - 29.189 = 2223 घनमी, 29.350 - 30.300 = 3848 घनमी, 31.447 - 31.624 = 637 घनमी, 31.691 - 31.876 = 666 घनमी, 31.880 - 32.058 = 641 घनमी, 32.060 - 32.342 = 1015 घनमी, 32.405 - 32.580 = 630 घनमी, 32.642 - 33.685 = 3755 घनमी। साइंथिया-नलहाटी : अप 81.000 - 83.000 = 16800 घनमी, 87.500 - 88.000 = 5400 घनमी। अनुमानित लागत : रु. 2,85,92,512.55; बयाना राशि : रु. 5,71,900। क्रमांक 4, ई-निविदा सं. 10_2026-27, दिनांक: 10.04.2026, कार्य का विवरण: हावड़ा मंडल सेस मरम्मत-नीचे उल्लेखित लोकेशनों में 321438 घनमी कार्य: सीनि. डीईएन/4/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन एईएन/रामपुरहाट के अधीन आजिमगंज-नलहाटी: डाउन 44.120-44.420 = 2100 घनमी, 44.480 - 45.030 = 3850 घनमी, 44.600 - 44.660 = 420 घनमी, अप 43.880 - 44.000 = 840 घनमी, 44.690 - 44.990 = 2100 घनमी, साइंथिया-नलहाटी : डाउन 93.150 - 93.360 = 2835 घनमी, 93.840 - 93.960 = 1620 घनमी, 107.360-107.420 = 540 घनमी, 109.600-109.710 = 1017 घनमी, अप 90.000 - 90.060 = 1710 घनमी, 92.420 - 92.650 = 4301 घनमी, रामपुरहाट-दुमका: एसएल 104.370 - 105.280 = 4550 घनमी, 107.260 - 107.520 = 1300 घनमी, 108.280- 108.280 = 2500 घनमी, 118.140 - 118.260 = 2376 घनमी, 118.520 - 120.330 = 9025 घनमी, 120.520 - 120.640 = 3360 घनमी, 120.920 -120.980 = 1920 घनमी, 124.010-124.700 = 3450 घनमी, 126.080 - 126.500=12936 घनमी, 126.600 - 126.960 = 11088 घनमी, 127.000 - 128.000 = 5000 घनमी, 128.370 - 129.400 = 5150 घनमी, 130.000-130.460 = 2300 घनमी, 132.114 - 132.440=12960 घनमी, 134.470 -135.080 = 3050 घनमी, 128.41-128.89 = 24576 घनमी, 128.92 - 129.4 = 26880 घनमी, 130.01-130.43 = 24192 घनमी, 134.72 - 135.08 = 14688 घनमी, 132.15 - 132.45 = 1500 घनमी, नलहाटी-बोनीडांगा : डाउन 106.032 - 108.032 = 10000 घनमी, 117.880 - 118.500 = 3000 घनमी, 120.800 - 120.900 = 500 घनमी, 122.600 - 123.000 = 2000 घनमी, 123.480 - 124.020 = 7290 घनमी, 125.600 - 126.000 = 2000 घनमी, 127.500 - 127.600 = 500 घनमी, 128.000 - 128.200 = 1000 घनमी, 130.200 - 130.400 = 1000 घनमी, 137.000-137.420 =4116 घनमी, 137.500 - 137.700 = 1000 घनमी, 141.700 - 141.800 = 500 घनमी, 143.040 - 143.640 = 4320 घनमी, 144.330 - 145.030 = 4725 घनमी, 147.430- 148.460 = 8248 घनमी, 168.670 - 169.070 = 3000 घनमी, 170.250 - 172.050 = 11880 घनमी, अप 131.500 - 133.000 = 31350 घनमी, 142.040 - 142.840 = 3360 घनमी, 143.360 - 143.660 = 1890 घनमी, 144.400 - 144.900 = 3750 घनमी, 147.510 - 148.010 = 3375 घनमी, 149.010 - 149.410 = 2700 घनमी, 168.010 - 169.010 = 7000 घनमी, 170.230-171.230 = 8800 घनमी। अनुमानित लागत : रु. 10,55,90,857.12; बयाना राशि : रु. 21,11,800। निविदा प्रपत्र की कीमत www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in जारी किए जाने की तारीख से 12 (बारह) महीने (क्रमांक 1 एवं 4 के लिए) तथा स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 08 (आठ) महीने (क्रमांक 2 एवं 3 के लिए)। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 04.05.2026 को अपराह्न 2.00 बजे (प्रत्येक के लिए)। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www. ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान ऊपर उल्लेखित वेबसाइट के जरिए सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणी: आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-22/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# ममता ने बांग्ला नववर्ष की पूर्व संध्या पर कालीघाट मंदिर में की पूजा-अर्चना



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बांग्ला नववर्ष की पूर्व संध्या पर मंगलवार को कोलकाता के कालीघाट मंदिर में पूजा-अर्चना की। बनर्जी दिन भर कई चुनावी रैलियों को संबोधित करने के बाद शाम को दक्षिण कोलकाता में अपने घर के पास स्थित मंदिर गईं, जहां उन्होंने देवी काली के विग्रह के सामने आरती की।

## बेलडांगा में प्रशासनिक फेरबदल, एसडीपीओ के बाद अब आईसी भी हटाए गए

**मुर्शिदाबाद/कोलकाता :** चुनाव आयोग ने बेलडांगा थाना के आईसी को उनके पद से हटा दिया है। इससे पहले कुछ दिन पहले ही आयोग द्वारा बेलडांगा के एसडीपीओ का तबादला किया गया था। अब लगातार दूसरे बड़े प्रशासनिक बदलाव के तहत थाना प्रभारी को भी पद से हटा दिया गया है। चुनाव आयोग के निर्देश पर राज्य पुलिस ने इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है। आदेश के मुताबिक हावड़ा थाना में कार्यरत आशुतोष राय को बेलडांगा थाना का नया आईसी नियुक्त किया गया है। उन्हें मंगलवार रात 8 बजे तक कार्यभार संभालने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही उन्हें कार्यभार ग्रहण करने के बाद विस्तृत रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने को कहा गया है।

# निर्वाचन आयोग ने हमारे नेताओं के वाहनों को निशाना बनाकर गहन जांच की : तृणमूल

**✒ अभिषेक एवं रुजिरा की गाड़ी तलाशी विवाद**

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव के लिए तैनात सुरक्षा कर्मियों द्वारा निर्वाचन आयोग के टलक्षित निर्देशोंट के आधार पर केवल उसके नेताओं (विशेष रूप से अभिषेक बनर्जी) के वाहनों को 'विशेष रूप से निशाना बनाकर सख्त और गहन जांच' की जा रही है। राज्य महासचिव कुणाल घोष ने कहा कि जब अन्य लोगों को छोड़ दिया जा रहा है, तो केवल तृणमूल नेताओं को ही ऐसी गहन जांच के लिए क्यों निशाना बनाया जा रहा है? यह स्पष्ट रूप से चुनकर निशाना बनाने का मामला है। तृणमूल ने पुलिस पर्यवेक्षकों के व्हाट्सएप समूह में प्रसारित किए गए कथित आंतरिक निर्देशों के स्क्रीनशॉट का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि फ्लाइंग स्क्वाड को आधिकारिक सुरक्षा कवर प्राप्त सभी व्यक्तियों, नेताओं और मंत्रियों की गहन जांच करने के लिए कहा गया है। 'फ्लाइंग स्क्वाड' निर्वाचन आयोग द्वारा तैनात की गई सचल टीम होती हैं, जिनका उद्देश्य मतदान के दौरान अवैध नकदी लेन-देन आदि के उल्लंघन की निगरानी करना और उन पर अंकुश लगाना होता है। वरिष्ठ नेता और राज्य मंत्री ब्रात्य बसु ने कहा कि केंद्रीय बलों और चुनाव तंत्र का इस तरह से इस्तेमाल निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े करता है और ऐसा प्रतीत होता है कि इसका उद्देश्य चुनावों से पहले हमारे नेतृत्व को डराना है।

## हावड़ा-नई दिल्ली के बीच चलेगी अतिरिक्त समर स्पेशल ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे ने गर्मी के मौसम में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए हावड़ा-नई दिल्ली मार्ग पर समर स्पेशल ट्रेनों के अतिरिक्त फेरे चलाने की घोषणा की है। जानकारी के अनुसार, 04052 नई दिल्ली-हावड़ा समर स्पेशल ट्रेन 15 अप्रैल 2026 से 28 अप्रैल 2026 तक प्रतिदिन संचालित की जाएगी, जबकि 17 अप्रैल और 24 अप्रैल को यह सेवा उपलब्ध नहीं रहेगी। इस अवधि में कुल 12 फेरे चलाए जाएंगे। वहीं, 04051 हावड़ा-नई दिल्ली समर स्पेशल ट्रेन 17 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक प्रतिदिन चलेगी, जिसमें 19 अप्रैल और 26 अप्रैल को यह ट्रेन नहीं चलेगी। इस दिशा में भी कुल 12 फेरे निर्धारित किए गए हैं। इन विशेष ट्रेनों का संचालन पूर्व निर्धारित मार्ग, समय-सारिणी और ठहराव के अनुसार किया जाएगा, जिससे यात्रियों को गर्मी के दौरान सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिल सके।



बाली विधानसभा में तृणमूल उम्मीदवार कैलाश मिश्रा के समर्थन में पार्टी सांसद यूसुफ पठान ने किया रोड शो



पोइला बोइशाख के अवसर पर कोलकाता में सड़क को सजाता एक व्यक्ति


**CHANGE OF NAME**

I, Bharati Bera Mother of Army No. 15680534A, Rank- CQMH, Name- Palash Bera presently residing at Jugikundu, Balaichak, Hooghly, West Bengal, 712416. My name has been recorded incorrectly in my son's service record as Bharute Bera. I do hereby declared that have changed my name from Bharute Bera to Bharati Bera Vide affidavit Sl. No.15/26 before the Notary Public Biplab Sardar Govt. of West Bengal dated 06.04.2026


# मालदह मंडल की बड़ी पहल, निमतिता-धुलियान गंगा खंड में एलएचएस बॉक्स सफलतापूर्वक स्थापित



**मालदह :** पूर्व रेलवे के मालदह मंडल ने अवसंरचना सुदृढ़ीकरण और सुरक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए निमतिता-धुलियान गंगा खंड में लिमिटेड हाइट सबवे के लिए आरसीसी बॉक्स और स्लैब का सफलतापूर्वक लॉन्च किया। यह कार्य मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) नीलेश कुमार गौरव के पर्यवेक्षण में 13 अप्रैल को लेवल क्रॉसिंग संख्या 37 के स्थान पर संपन्न हुआ। यह कार्य संकोपाड़ा और निमतिता स्टेशनों के बीच धुलियान गंगा-निमतिता ब्लॉक सेक्शन में किया गया, जहां 350 मीट्रिक टन क्षमता वाले दो रोड क्रेनों और एक स्टैंडबाय क्रेन की मदद से कुल 9 बॉक्स सेगमेंट और 8 बेस स्लैब सफलतापूर्वक स्थापित किए गए। शैडो ब्लॉक के दौरान इंजीनियरिंग, ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन तथा सिग्नल एवं टेलीकम्युनिकेशन (एसएंडटी) विभागों ने समन्वय के साथ कई तकनीकी कार्य पूरे किए, जिससे परिचालन सुरक्षा और संरचनात्मक मजबूती को और बेहतर बनाया गया। इसके अलावा, इंजीनियरिंग विभाग ने 403 ट्रैक मीटर स्ल्यूइंग, थ्रू वेल्डिंग, 4300 मीटर ट्रैक टैम्पिंग तथा 11 एसईजे का अल्ट्रासोनिक परीक्षण जैसे कार्य भी सफलतापूर्वक पूरे किए। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, निर्धारित समय में यह कार्य पूरा होना विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट समन्वय का परिणाम है।

# शौकत मोल्ला ने की भाजपा उम्मीदवार से मुलाकात, सियासत तेज



**कोलकाता, समाज्ञा :** भांगड़ में भाजपा प्रत्याशी जयंत गाएन के घर मंगलवार की सुबह अचानक तृणमूल उम्मीदवार शौकत मोल्ला पहुंच गए। भाजपा प्रत्याशी की मां ने शौकत के सिर पर हाथ रखकर उन्हें आशीर्वाद भी दिया। इस घटना की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही आईएसएफ और माकपा ने भाजपा-तृणमूल के बीच 'सेटिंग' होने का आरोप लगाया। हालांकि, शौकत मोल्ला ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। पता चला है कि इस दिन, सुबह में भांगड़ में शौकत मोल्ला अचानक भाजपा प्रत्याशी जयंत गाएन के घर पहुंच गए, जहां दोनों के बीच काफी देर तक बातचीत हुई। इस मामले को लेकर माकपा और आईएसएफ का आरोप है कि भाजपा उम्मीदवार जयंत गाएन और शौकत मोल्ला के बीच लंबे समय से परिचय है।


www.samagya.in
विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
- MATRIMONIAL
- PROPERTY
- RECRUITMENT
- EDUCATION
- NAME CHANGE
- PUBLIC NOTICE
- OBITUARY
- REMEMBRANCE
- DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
230, C. R. Ave, 3rd Floor, Kolkata-700 006, Contact : 7044444522, 7044444527

**Format C-2**

*(For political party to publish in website, newspapers, TV)*

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

**Name of political party:** COMMUNIST PARTY OF INDIA (MARXIST)
**Name of Election:** GENERAL ELECTION TO THE WEST BENGAL LEGISLATIVE ASSEMBLY
***Name of Constituency:** 285- SURI ASSEMBLY CONSTITUENCY
**Name of State/ UT:** WEST BENGAL

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Name of constituency | Name of candidate | (A) Pending criminal cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of case(s) | Sections of Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed. |
| 1. | 285- SURI AC | MOTIUR RAHAMAN | Ld. Addl. Session Judge, 1st Court, Suri, G.R. Case No. 22/2019, Session Case No. 147/19. Pending for examination of accused u/s 313 CRPC. | 143/ 147/ 341/ 323/ 332/ 186/ 47/ 506 of I.P.C., 9 of MPO Act, 3/ 4of PDPP Act & 18 of W.B. Highway Act. Unlawful assembly, obstructing public servant in discharge of his public functions causing injury, mischief and causing subversive act. | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

***Name of Constituency:** 291- RAMPURHAT ASSEMBLY CONSTITUENCY
**Name of State/ UT:** WEST BENGAL

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Name of constituency | Name of candidate | (A) Pending criminal cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of case(s) | Sections of Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed. |
| 1. | 291- RAMPURHAT AC | SANJIB MALLICK | LD. A.C.J.M. at RAMPURHAT, BIRBHUM. 132/2022. Pending | U/S 447/353/186/332/427/135 I.P.C. Trespassing, house-trespassing, assaulting public servant to deter them from discharging their duties, causing damage to property etc. | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| 2. | 291- RAMPURHAT AC | SANJIB MALLICK | LD. A.C.J.M. at RAMPURHAT, BIRBHUM. 121/2024 Pending | U/S 448/323/379/354/506/34 I.P.C. House-trespassing, assaulting public servant to deter them from discharging their duties, causing damage to property etc. | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

***Name of Constituency:** 292- HANSAN ASSEMBLY CONSTITUENCY
**Name of State/ UT:** WEST BENGAL

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Name of constituency | Name of candidate | (A) Pending criminal cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of case(s) | Sections of Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed. |
| 1. | 291- HANSAN AC | KAMAL HASAN | LD. A.C.J.M. at RAMPURHAT, BIRBHUM. GR No. 291/2025, Pending | U/S 329(4)/351(2)/115(2)/3(5) BNS Criminal trespassing and house-trespassing, criminal intimidation, voluntarily causing hurt etc. | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Sd/ - GOUTAM GHOSH
Member, West Bengal State Committee
& Secretary, Birbhum District Committee,
Communist Party of India (Marxist).

# जन्मतिथि में विसंगति को 'धोखाधड़ी' मानकर किसी को बर्खास्त नहीं किया जा सकता: उच्च न्यायालय

**प्रयागराज :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि एक सरकारी कर्मचारी के विभिन्न शैक्षणिक रिकॉर्ड में जन्म तिथियों में विसंगति को तब तक धोखाधड़ी का आधार नहीं माना जा सकता जब तक कि उसमें धोखाधड़ी का तत्व मौजूद न हो या उसे तोड़ मरोड़ अथवा जानबूझकर न छिपाया गया हो। न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान ने यह टिप्पणी करते हुए मऊ जिले के एक सहायक शिक्षक के खिलाफ पारित बर्खास्तगी आदेश को रद्द कर दिया और राज्य प्राधिकारियों को उसे तुरंत बहाल करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा, धोखाधड़ी जैसा गंभीर निष्कर्ष केवल अस्पष्ट परिस्थितियों या रिकॉर्ड में साधारण विसंगतियों के आधार पर नहीं निकाला जा सकता, चाहे वे कितनी ही असुविधाजनक क्यों न प्रतीत हों। याचिकाकर्ता विजय कुमार यादव को वर्ष 2014 में मऊ के एक जूनियर बेसिक स्कूल में सहायक शिक्षक नियुक्त किया गया था। हालांकि, वर्ष 2018 में एक आरटीआई आवेदन के जरिए उनके शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की जानकारी मांगी गई, जिसमें यह सामने आया कि 1998 के हाईस्कूल रिकॉर्ड में उनकी जन्मतिथि दो जुलाई 1984 दर्ज थी, जबकि पूर्व माध्यमिक प्रमाण पत्र में जन्म तिथि सात जुलाई, 1987 अंकित है।

**Format C-2**

*(For political party to publish in website, newspapers, TV)*

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

**Name of political party:** COMMUNIST PARTY OF INDIA (MARXIST)
**Name of Election:** GENERAL ELECTION TO THE WEST BENGAL LEGISLATIVE ASSEMBLY
***Name of Constituency:** 294- MURARAI ASSEMBLY CONSTITUENCY
**Name of State/ UT:** WEST BENGAL

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Name of constituency | Name of candidate | (A) Pending criminal cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of case(s) | Sections of Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed. |
| 1. | 291- RAMPURHAT AC | MD ALI REZA MANDAL | LD. A.C.J.M. at RAMPURHAT, BIRBHUM. G.R. Case No. 591/2018. Pending | U/S 147/148/149/326/307 I.P.C. Rioting, being member of unlawful assembly, voluntary obstruction of a public servant performing their lawful duties etc. | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| 2. | 291- RAMPURHAT AC | MD ALI REZA MANDAL | LD. A.C.J.M. at RAMPURHAT, BIRBHUM. G.R. Case No. 571/2018 Pending | U/S147/148/149/341/186/353/332/307/120B I.P.C. READ WITH SEC. 25/27 ARMS ACT, 3/4 E.S. ACT AND 3(2) PDPP ACT. Rioting, being member of unlawful assembly, wrongful restraint, assaulting and obstructing a public servant from performing their duties. etc. | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Sd/ - GOUTAM GHOSH
Member, West Bengal State Committee
& Secretary, Birbhum District Committee,
Communist Party of India (Marxist).

**Format C-2**

*(For political party to publish in website, newspapers, TV)*

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

**Name of political party:** ALL INDIA FORWARD BLOC
**Name of Election:** GENERAL ELECTION TO THE WEST BENGAL LEGISLATIVE ASSEMBLY
***Name of Constituency:** 293- NALHATI ASSEMBLY CONSTITUENCY
**Name of State/ UT:** WEST BENGAL

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Name of constituency | Name of candidate | (A) Pending criminal cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of case(s) | Sections of Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed. |
| 1. | 293- NALHATI AC | DIPAK CHATTERJEE | LD. A.C.J.M. at RAMPURHAT, BIRBHUM. GR NO. 485/18 Pending for appearance. | U/S - 147/148/149/447/188/323/325/326/ 332/333/338/186/ 356 OF IPC & 25/27 ARMS ACTS 34 POLICE ACT. UNLAWFUL ASSEMBLY CAUSING RIOT ETC. | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| 2. | 293- NALHATI AC | DIPAK CHATTERJEE | LD. A.C.J.M. at RAMPURHAT, BIRBHUM. GR NO. 486/18 Pending for evidence. | U/S - 147/148/149/447/188/325/326/307/338/186/ 356 OF IPC & 25/27 ARMS ACTS 3/4 E.S.ACT. UNLAWFUL ASSEMBLY CAUSING RIOT ETC. | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Sd/ - DIPAK CHATTERJEE
Member, West Bengal State Committee
& Secretary, Birbhum District Committee,
All India Forward Bloc.

# रेलवे बोर्ड का निर्देश: 1,228 फाटकों पर स्वचालित 'इंटरलॉकिंग' प्रणाली लगाने की प्रक्रिया तेज होगी

**नयी दिल्ली :** रेलवे बोर्ड ने सभी जोन को निर्देश दिया है कि 1,228 फाटकों पर स्वचालित 'क्लोजर' प्रणाली लगाने के कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि जब तक सड़क यातायात के लिए गेट पूरी तरह बंद न हो, तब तक किसी ट्रेन को वहां से गुजरने की अनुमति नहीं मिल सके। यह स्वचालित प्रणाली समपार फाटकों के 'इंटरलॉकिंग' का हिस्सा है। इसके तहत ट्रेन के आने पर समपार फाटक सड़क यातायात के लिए स्वत: बंद हो जाता है या यदि गेट खुला रह जाए तो ट्रेन को ठहरने का सिग्नल दिया जाता है। यह कदम आठ जुलाई 2025 को तमिलनाडु के कुड्डालोर में एक यात्री ट्रेन और स्कूल वैन की टक्कर के बाद उठाया गया, जिसमें कथित रूप से गेटकीपर की लापरवाही के कारण तीन स्कूली बच्चों की मौत हो गई थी। इसके बाद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उच्च यातायात घनत्व वाले समपार फाटकों पर 'इंटरलॉकिंग' प्रणाली लगाने के निर्देश दिए थे। अधिकारियों के अनुसार रेलवे बोर्ड ने 16 जोन में उच्च यातायात घनत्व वाले 1,228 समपार फाटकों की पहचान कर वहां 'इंटरलॉकिंग' प्रणाली लगाने के निर्देश दिए हैं। हालिया निर्देश में बोर्ड ने सभी जोन से कार्य में तेजी लाने और कार्यान्वयन जल्द पूरा करने को कहा है।






चरक पूजा के दौरान बालुरघाट में भगवान शिव के रूप में सजा कलाकार प्रस्तुति देते हुए


**Format C-1**

(For Candidate to publish in Newspapers, TV) [Phase-1, Date of poll – 23.04.2026]

**Declaration about criminal Cases**

(As per the judgment dated 25th September,2018 of Hon'ble Supreme Court in WP(Civil)No.536 of 2011)

(Public interest Foundation & Ors. Union of India & Anr.)

Name and Address of the Candidate : **MD. SAMI KHAN**
Name of the Political Party : **Communist Party of India (Marxist)**
Name of Election : **General Election to the Legislative Assembly,2026**
*Name of the Constituency : **ISLAMPUR** **West Bengal ; No.29**

**I, Md. Sami Khan** (Name of the Candidate), a Candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents :

**(A) Pending Criminal Cases**

| Sl. No. | Name of the Court | Case No. and Dated | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and description of offence |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ACJM, Islampur | Islampur P.S. Case No.805/2024 GR No. 2668/2024 | Charge has not yet been framed | 189(2)/285/259/272 of BNS R/W Sec. 8(b) of NH Act. A rally was organized by political party against rape and murder of ABHAYA for which the traffic was jammed for moment which does not come within the meaning of blockade. But the police intentionally implicated as accused. |
| 2 | Addl. J.M Court at Raiganj | Raiganj P.S Case No.767/2020 GR 1737/2020 | Charge framed on 21.03.2024 | 188/186/143 IPC, R/W 51(B) D.M Act. A political agitation was organized before the DM Uttar Dinajpur and the allegation was violation 144 Cr.P.C |
| 3 | ACJM, Islampur | Islampur P.S. Case No.805/2024 GR No. 2668/2024 | Charge has not yet been framed | 143/148/447/186/353/354/332/333/307of IPC. The above false case was started during the construction of Islampur bypass. But the accused on bail and contesting the case. |

**(B)** Details about Cases of Conviction for Criminal Offences

| Sl. No. | Name of the Court & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment imposed |
|---|---|---|---|
| 1 | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 2 | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 3 | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 4 | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-1**
*(for candidate to publish in Newspapers, TV)*

**Declaration about criminal cases**

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

**Name and address of candidate: MD ALI REZA MANDAL, MATHKARAMJA, MURARAI, BIRBHUM, PIN - 731221.**

**Name of political party: COMMUNIST PARTY OF INDIA (MARXIST)**
*(Independent candidates should write "Independent" here)*

**Name of Election: GENERAL ELECTION TO THE WEST BENGAL LEGISLATIVE ASSEMBLY**

***Name of Constituency: 294 MURARAI ASSEMBLY CONSTITUENCY**

I **MD ALI REZA MANDAL** (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) **Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | LD A.C.J.M, RAMPURHAT | G.R. Case No. 591/2018 | PENDING. | U/S 147/148/149/326/307 I.P.C. Rioting, being member of unlawful assembly, voluntary obstruction of a public servant performing their lawful duties etc. |
| 2 | LD A.C.J.M, RAMPURHAT | G.R. Case No. 571/2018 | PENDING. | U/S147/148/149/341/186/353/ 332/307/120B I.P.C. READ WITH SEC. 25/27 ARMS ACT, 3/4 E.S. ACT AND 3(2) PDPP ACT. Rioting, being member of unlawful assembly, wrongful restraint, assaulting and obstructing of a public servant performing their lawful duties etc. |

(B) **Details about cases of conviction for criminal offences NOT APPLICABLE.**

| Sl.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**Sd/- MD ALI REZA MANDAL**
**Candidate**
**294 MURARAI AC,**
**WBLAGE 2026**

**Format C-1**

(For Candidate to publish in Newspapers, TV) [Phase-1, Date of poll – 23.04.2026]

**Declaration about criminal Cases**

(As per the judgment dated 25th September,2018 of Hon'ble Supreme Court in WP(Civil)No.536 of 2011)

(Public interest Foundation & Ors. Union of India & Anr.)

Name and Address of the Candidate : **MD. MAKLESWAR RAHAMAN**
Name of the Political Party : **Communist Party of India (Marxist)**
Name of Election : **General Election to the Legislative Assembly,2026**
*Name of the Constituency : **CHOPRA** **West Bengal ; No.28**

**I, Md. Makleswar Rahaman** (Name of the Candidate), a Candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents :

**(A) Pending Criminal Cases**

| Sl. No. | Name of the Court | Case No. and Dated | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and description of offence |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ACJM, Islampur | Chopra P.S. Case No. 1429/13 GR No.4834/2013 | Charge has not yet been framed | U/S-143,448, 436, 379 IPC, R/W 25, 27 & 35 of Arms Act. The above false Case was started to dishonor the person politically as well as out of political vengeance. |

**(B) Details about Cases of Conviction for Criminal Offences**

| Sl. No. | Name of the Court & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment imposed |
|---|---|---|---|
| 1 | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 2 | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 3 | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 4 | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**Format C-2**

(For Political Party to publish in website, Newspapers, TV) [Phase-1, Date of poll – 23.04.2026]

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the Party**

(As per the judgment dated 25th September,2018 of Hon'ble Supreme Court in WP(Civil)No.536 of 2011)

(Public interest Foundation & Ors. Union of India & Anr.)

Name of the Political Party : **Communist Party of India (Marxist)**
Name of Election : **General Election to the Legislative Assembly,2026**
*Name of State/UT : **West Bengal**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No | Name of the Candidate | Number & Name of the Assembly Constituency | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about Cases of Conviction for Criminal Offences | | |
| | | | Name of the Court, case No. & state of | Secti0ons of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of the Court & date(s)of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment imposed |
| 1 | **Md. Makleswar Rahaman** | **28-CHOPRA** | ACJM, ISLAMPUR CHOPRA P.S. 1429/13 GR No. 4834/2013/Charge has not yet been framed | U/S- | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

Name of the Political Party : **Communist Party of India (Marxist)**
Name of Election : **General Election to the Legislative Assembly,2026**
*Name of State/UT : **West Bengal**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No | Name of the Candidate | Number & Name of the Assembly Constituency | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about Cases of Conviction for Criminal Offences | | |
| | | | Name of the Court, case No. & state of | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of the Court & Date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishmen t imposed | Maximum Punishment imposed |
| 1 | **MD.SAMI KHAN** | **29- ISLAMPUR** | ACJM, Islampur Islampur P.S Case No.805/2024 GR 2668/2024 Charge has not yet been framed | 189(2)/285/259/272 of BNS R/W Sec.8 (b) of NH Act A rally was organized against the rape and murder ABHAYA for which the traffic was jammed for a moment which does not come within the meaning of blockade. But the Police intentionally implicated as accused. | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| | | | Addl J.M Court at Raiganj, Raiganj P.S Case No.767/2020 GR 1737/2020 Charged framed on 21.03.2024 | 188/186/143 IPC, R/W 51(B) D.M. Act A political agitation was violation 144 Cr.P.C | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| | | | ACJM, Islampur, Islampur P.S Case No.49/2018 GR 157/2018 Charge has not yet been framed | 143/148/447/186/353/354/332 /333/307 of IPC. The above false case was started during the construction of Islampur bypass. But the accused on bail and contesting the case. | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

Anuwarul Haque
Member, West Bengal State Committee &
Secretary, Uttar Dinajpur District Committee
Communist Party of India (Marxist)

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

# लेबनान-इजराइल में दशकों बाद वाशिंगटन में पहली बार सीधी राजनयिक वार्ता हुई



**बेरूत :** लेबनान और इजराइल ने दशकों बाद मंगलवार को वाशिंगटन में पहली बार सीधी राजनयिक वार्ता शुरू की। यह वार्ता इजराइल और आतंकवादी समूह हिजबुल्ला के बीच एक महीने से अधिक समय से जारी युद्ध के बाद हो रही है। वर्ष 1993 के बाद दोनों देशों के बीच यह पहली वार्ता है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसे एक 'ऐतिहासिक अवसर' बताया और स्पष्ट किया कि तत्काल किसी निर्णायक समझौते की उम्मीद नहीं है। रुबियो ने कहा कि ट्रंप प्रशासन इस वार्ता को आगे बढ़ाकर 'बहुत प्रसन्न' है। उन्होंने कहा, ''हम समझते हैं कि हम दशकों के इतिहास और जटिलताओं के खिलाफ काम कर रहे हैं जिनका समाधान जल्दी नहीं होगा।'' हिजबुल्ला प्रत्यक्ष वार्ता का विरोध करता है और उसका कोई प्रतिनिधि मौजूद नहीं था। वार्ता शुरू होते ही हिजबुल्ला उत्तरी इजराइल पर अपना हमला तेज करता दिखा। रुबियो ने कहा, ''लेकिन हम एक ऐसे ढांचे के साथ आगे बढ़ना शुरू कर सकते हैं, जिससे कुछ सकारात्मक और स्थायी परिणाम हासिल हो सके, ताकि लेबनान के लोगों को वह भविष्य मिल सके जिसके वे हकदार हैं और इजराइल के लोग बिना किसी डर के जी सकें।'' रुबियो और संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज़ ने विदेश विभाग में आयोजित वार्ता में भाग लिया, जिसका नेतृत्व लेबनान में अमेरिकी राजदूत मिशेल इस्सा ने किया। इसमें अमेरिका में इज़राइली राजदूत येचिएल लीटर और अमेरिका में लेबनानी राजदूत नाडा हमादेह मोवाद भी शामिल हुए। लेबनान सरकार को उम्मीद है कि वार्ता से युद्ध समाप्त होने का मार्ग प्रशस्त होगा। ईरान ने लेबनान और पूरे क्षेत्र में युद्धों को समाप्त करने की शर्त अमेरिका के साथ वार्ता के दौरान रखी है, जबकि लेबनान स्वयं वार्ता का प्रतिनिधित्व करने पर अड़ा है। ईरान समर्थित हिजबुल्ला और अन्य आलोचकों का मानना है कि लेबनान सरकार का कोई प्रभाव नहीं है और उसे ईरान का समर्थन करना चाहिए। ईरान हिजबुल्ला का प्रमुख सहयोगी और संरक्षक है। इस आतंकी संगठन की राजनीतिक परिषद के एक उच्च पदस्थ सदस्य वाफिक सफा ने 'एपी' को बताया कि वे वार्ता में हुए किसी भी समझौते का पालन नहीं करेंगे। इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान में अपना आक्रमण जारी रखा है, जिसके बारे में कुछ इजराइली अधिकारियों का कहना है कि इसका उद्देश्य सीमा से लेकर उत्तर में लगभग 30 किलोमीटर (20 मील) दूर स्थित लिटानी नदी तक एक 'सुरक्षा क्षेत्र' बनाना है। इजराइल के रक्षा मंत्री का कहना है कि दक्षिणी लेबनान से विस्थापित हुए लाखों लोगों को तब तक घर लौटने की अनुमति नहीं दी जाएगी जब तक कि क्षेत्र को सैन्य मुक्त नहीं कर दिया जाता और इजराइल को यह विश्वास नहीं हो जाता कि उसके उत्तर में रहने वाला समुदाय सुरक्षित है।

# भारत के साथ संबंधों को बेहतर बनाने की नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है : चीन



**बीजिंग :** चीन ने अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के लिए नए नाम प्रकाशित करने के अपने कदम का बचाव करते हुए मंगलवार को कहा कि भारत के साथ संबंधों को बेहतर बनाने की उसकी नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। भारत ने चीन द्वारा भारतीय क्षेत्र को काल्पनिक नाम देने के प्रयासों को रविवार को सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि इस तरह के बेबुनियाद विमर्श गढ़ने की कोशिशें वास्तविकता को नहीं बदल सकतीं और द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने के प्रयासों को पटरी से उतार सकती हैं। भारत की तीखी प्रतिक्रिया बीजिंग द्वारा अक्साई चिन में एक तीसरा नया प्रशासनिक क्षेत्र स्थापित करने की पृष्ठभूमि में आई है। इस इलाके को भारत अपना संप्रभु क्षेत्र मानता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ''चीन की ओर से भारत के क्षेत्रों का काल्पनिक नाम देने के किसी भी प्रयास को भारत सिरे से खारिज करता है।'' जायसवाल की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने यहां प्रेस वार्ता में कहा कि जांगनान चीन का क्षेत्र है, और चीन ने कभी भी ''तथाकथित अरुणाचल प्रदेश'' को मान्यता नहीं दी है। जांगनान अरुणाचल प्रदेश का चीनी नाम है। चीन अरुणाचल प्रदेश को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा होने का दावा करता है।

## भारत-जर्मनी विदेश कार्यालय वार्ताओं के लिए बर्लिन पहुंचे विदेश सचिव मिसरी

**लंदन :** विदेश सचिव विक्रम मिसरी मंगलवार को बर्लिन पहुंचे, जहां वह जर्मन अधिकारियों के साथ व्यापार, निवेश, रक्षा, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा तथा अन्य प्रमुख वैश्विक व क्षेत्रीय मुद्दों पर बातचीत करेंगे। जर्मनी में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, विदेश सचिव विक्रम मिसरी भारत-जर्मनी विदेश कार्यालय परामर्श के लिए बर्लिन पहुंचे हैं। पोस्ट में आगे कहा गया है, यह यात्रा जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज की जनवरी 2026 में भारत की सफल यात्रा के बाद हो रही है।

## मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने आशा भोसले के निधन पर शोक व्यक्त किया

**सिंगापुर :** मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने मंगलवार को दिग्गज भारतीय गायिका आशा भोसले के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए इसे संगीत और संस्कृति की दुनिया के लिए अपूरणीय क्षति करार दिया। इब्राहिम ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि भोसले ने अपनी हजारों रचनाओं के जरिए कई पीढ़ियों को भावनाओं, परंपराओं और कथाओं के साथ जोड़ा। उन्होंने कहा कि उनकी विशिष्ट आवाज ने सिल्वर स्क्रीन और उन नाटकों को जीवंत कर दिया जिन्होंने दुनिया भर में लाखों प्रशंसकों के दिलों को छुआ। भोसले ने आठ दशकों से अधिक समय तक बॉलीवुड संगीत पर राज किया।

## आशा भोसले के निधन की खबर के प्रसारण के दौरान 'भारतीय सामग्री' के इस्तेमाल को लेकर चैनल को नोटिस

**लाहौर :** पाकिस्तान की मीडिया निगरानी संस्था ने गायिका आशा भोसले के निधन की खबर के प्रसारण के दौरान 'भारतीय सामाग्री' के इस्तेमाल को लेकर एक समाचार चैनल 'जियो न्यूज' को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पाकिस्तान में भारतीय सामग्री पर 2018 से प्रतिबंध हैं। पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया नियामक प्राधिकरण (पीईएमआरए) ने सोमवार को 'जियोन्यूज' को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है कि उसने भोसले के निधन की खबर के साथ भारतीय सामग्री क्यों प्रसारित की। इस प्रमुख समाचार चैनल को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज सरकार और सैन्य प्रतिष्ठान का करीबी माना जाता है। भोसले के कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था, जिससे रविवार को उनका निधन हो गया।


**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-1**
*(for candidate to publish in Newspapers, TV)*

**Declaration about criminal cases**

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

**Name and address of candidate:** MOTIUR RAHAMAN, LALKUTHIPARA, WARD NO. 10, SURI, BIRBHUM, WEST BENGAL, PIN - 731101.

**Name of political party:** COMMUNIST PARTY OF INDIA (MARXIST)
*(Independent candidates should write "Independent" here)*

**Name of Election:** GENERAL ELECTION TO THE WEST BENGAL LEGISLATIVE ASSEMBLY

***Name of Constituency:** 285- SURI ASSEMBLY CONSTITUENCY

I MOTIUR RAHAMAN (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) **Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | LD. C.J.M. at SURI, BIRBHUM. | G.R. Case No. 22/2019, Session Case No. 147/19. | Pending before Ld. Addl. Session Judge, 1st Court, Suri for examination of accused u/s 313 CRPC. | 143/ 147/ 341/ 323/ 332/ 186/ 47/ 506 of I.P.C., 9 of MPO Act, 3/4 of PDPP Act & 18 of W.B. Highway Act. Unlawful assembly, obstructing public servant in discharge of his public functions causing injury, mischief and causing subversive act etc. |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

(B) **Details about cases of conviction for criminal offences** NOT APPLICABLE.

| Sl.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Sd/- MOTIUR RAHAMAN
Candidate
285 SURI AC,
WBLAGE 2026

**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-1**
*(for candidate to publish in Newspapers, TV)*

**Declaration about criminal cases**

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

**Name and address of candidate:** KAMAL HASAN
VILL – BHOLLADANGA, PO - MALLICKPUR, PS - MARGRAM, DIST – BIRBHUM, PIN – 731224, W.B.

**Name of political party:** COMMUNIST PARTY OF INDIA (MARXIST)
*(Independent candidates should write "Independent" here)*

**Name of Election:** GENERAL ELECTION TO THE WEST BENGAL LEGISLATIVE ASSEMBLY

***Name of Constituency:** 292 - HANSAN ASSEMBLY CONSTITUENCY

I KAMAL HASAN (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) **Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | JM II AT RAMPURHAT | GR No. 291/2025 | PENDING | U/S 329(4)/351(2)/115(2)/3(5) BNS Criminal trespassing and house-trespassing, criminal intimidation, voluntarily causing hurt. |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

(B) **Details about cases of conviction for criminal offences NOT APPLICABLE.**

| Sl.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Sd/- KAMAL HASAN
Candidate
292 HANSAN AC,
WBLAGE 2026

**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-1**
*(for candidate to publish in Newspapers, TV)*

**Declaration about criminal cases**

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

**Name and address of candidate:** SANJIB MALLICK, SUKANTA PALLY, NISCHINTAPUR, P.O. & P.S. RAMPURHAT, DIST.- BIRBHUM, PIN- 731224.

**Name of political party:** COMMUNIST PARTY OF INDIA (MARXIST)
*(Independent candidates should write "Independent" here)*

**Name of Election:** GENERAL ELECTION TO THE WEST BENGAL LEGISLATIVE ASSEMBLY

***Name of Constituency:** 291- RAMPURHAT ASSEMBLY CONSTITUENCY

I SANJIB MALICK (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) **Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | LD. A.C.J.M. at RAMPURHAT, BIRBHUM. | 132/2022 | Pending. | U/S 447/353/186/332/427/135 I.P.C. Trespassing, house-trespassing, assaulting public servant to deter them from discharging their duties, causing damage to property etc. |
| 2. | LD. A.C.J.M. at RAMPURHAT, BIRBHUM. | 121/2024 | Pending. | U/S 448/323/379/354/506/34 I.P.C. House-trespassing, assaulting public servant to deter them from discharging their duties, causing damage to property etc. |

(B) **Details about cases of conviction for criminal offences NOT APPLICABLE.**

| Sl.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Sd/- SANJIB MALLICK
Candidate
291 RAMPURHAT AC,
WBLAGE 2026

**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-1**
*(for candidate to publish in Newspapers, TV)*

**Declaration about criminal cases**

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

**Name and address of candidate:** DIPAK CHATTERJEE VILL- SOHARA, P.O.- CHATRA, DIST.- BIRBHUM, PIN-731238

**Name of political party:** ALL INDIA FORWARD BLOC
*(Independent candidates should write "Independent" here)*

**Name of Election:** GENERAL ELECTION TO THE WEST BENGAL LEGISLATIVE ASSEMBLY 2026

***Name of Constituency:** 293- NALHATI ASSEMBLY CONSTITUENCY

I DIPAK CHATTERJEE (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) **Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Ld. A.C.J.M. COURT RAMPURHAT | NALHATI PS CASE NO. 101/18 Dated 05.04.18 CORRESPONDING GR NO. 485/18 | PENDING FOR APPEARANCE | 147/148/149/447/188/323 /325/326/ 332/333/ 338/186/ 356 OF IPC & 25/27 ARMS ACTS 34 POLICE ACT. UNLAWFUL ASSEMBLY CAUSING RIOT ETC. |
| 2 | Ld. 3rd J.M. COURT RAMPURHAT | NALHATI PS CASE NO. 102/18 Dated 05.04.18 CORRESPONDING GR NO. 486/18 | PENDING FOR EVIDENCE | U/S -147/148/149/447/188/325/326/307/338/186/ 356 OF IPC & 25/27 ARMS ACTS 3/4 E.S.ACT. UNLAWFUL ASSEMBLY CAUSING RIOT ETC. |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

(B) **Details about cases of conviction for criminal offences NOT APPLICABLE.**

| Sl.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Sd/- DIPAK CHATTERJEE
Candidate
293 NALHATI AC,
WBLAGE 2026

## प्रधानमंत्री संग्रहालय, डाक विभाग के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर



**नयी दिल्ली:** डाक विभाग और प्रधानमंत्री संग्रहालय के बीच मंगलवार को भारत की सांस्कृतिक और डाक विरासत को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस सहयोग के तहत प्रदर्शनी एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों के आयोजन और डाक टिकटों से जुड़े संग्रहणीय उत्पाद विकसित किए जाएंगे। समझौते के तहत प्रधानमंत्री संग्रहालय में 'इंडिया पोस्ट' का एक समर्पित काउंटर स्थापित करने की संभावना भी तलाश की जाएगी। यह पहल सांस्कृतिक संस्थानों और डाक विरासत के बीच तालमेल को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस अवसर पर संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संग्रहणीय उत्पादों की एक प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया। प्रदर्शनी में भारत की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक धरोहर और डाक परंपराओं को दर्शाने वाले डाक टिकटों का संग्रह दर्शाया गया है, जिसमें राष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों और स्वतंत्रता सेनानियों से जुड़े विषय भी शामिल हैं। यह प्रदर्शनी 14 से 17 अप्रैल, 2026 तक आम जनता के लिए खुली रहेगी। इस दौरान सिंधिया ने 'अमृत काल' से 'शताब्दी काल' तक भारत की यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि डाक विभाग राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।

# पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से भारत में 25 लाख लोगों के गरीबी की चपेट में आने का खतरा

- ईंधन, कच्चे माल और मालभाड़ा महंगा होने से बढ़ा आर्थिक दबाव
- भारत की गरीबी दर 23.9% से बढ़कर 24.2% तक पहुंचने का अनुमान
- तेल, एलपीजी और उर्वरक के लिए पश्चिम एशिया पर भारी निर्भरता



**संयुक्त राष्ट्र:** पश्चिम एशिया में संघर्ष से भारत में 25 लाख लोगों के गरीबी में धकेल दिए जाने का खतरा है और देश के मानव विकास की प्रगति में कुछ कमी आने की आशंका है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने 'पश्चिम एशिया में सैन्य वृद्धि: एशिया एवं प्रशांत क्षेत्र में मानव विकास पर प्रभाव' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा कि यह संघर्ष 'एशिया तथा प्रशांत क्षेत्र में मानव विकास के दबाव को बढ़ा रहा है।' इसमें कहा गया कि ईंधन, मालभाड़ा और कच्चे माल की लागत बढ़ने से घरेलू क्रय शक्ति घट रही है, खाद्य असुरक्षा बढ़ रही है, सरकारी बजट पर दबाव पड़ रहा है और आजीविका कमजोर हो रही है। प्रारंभिक आकलन के अनुसार, वैश्विक स्तर पर 88 लाख लोग गरीबी के जोखिम में आ सकते हैं और इस सैन्य तनाव से एशिया-प्रशांत क्षेत्र को 299 अरब डॉलर तक का नुकसान हो सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में गरीबी से प्रभावित लोगों की संख्या लगभग चार लाख से बढ़कर 25 लाख तक पहुंचने का अनुमान है। संघर्ष के कारण दुनिया भर में गरीबी में धकेले जाने वाले लोगों की संख्या लगभग 19 लाख से बढ़कर करीब 88 लाख तक हो सकती है जिसमें दक्षिण एशिया के लोग सबसे अधिक होंगे। चीन में गरीबी की चपेट में आने वाले लोगों की संख्या में मामूली वृद्धि का अनुमान है जो लगभग 1,15,000 से बढ़कर 6,20,000 से अधिक हो जाएगी। हालांकि यह बहुत बड़ी जनसंख्या के मुकाबले मामूली प्रभाव को दर्शाता है। इसमें कहा गया कि सबसे गंभीर परिदृश्य में भारत की गरीबी दर 23.9 प्रतिशत से बढ़कर 24.2 प्रतिशत हो सकती है जिससे अतिरिक्त 24,64,698 लोग गरीबी में चले जाएंगे। संकट के बाद देश में गरीबी में रहने वालों की संख्या 35.40 करोड़ तक पहुंच सकती है जो पहले 35.15 करोड़ थी। रिपोर्ट में मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) पर प्रभाव का भी आकलन किया गया है। इसमें कहा गया कि भारत में एचडीआई प्रगति में लगभग 0.03 से 0.12 वर्ष तक की गिरावट हो सकती है। इसके बाद नेपाल (0.02-0.09 वर्ष) और वियतनाम (0.02-0.07 वर्ष) का स्थान है जबकि चीन पर प्रभाव अपेक्षाकृत कम (0.01-0.05 वर्ष) रहने का अनुमान है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत अपनी 90 प्रतिशत से अधिक तेल जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है और कच्चे तेल का 40 प्रतिशत से अधिक तथा एलपीजी का 90 प्रतिशत आयात पश्चिम एशिया से करता है। इसके अलावा, उर्वरक आयात का 45 प्रतिशत से अधिक हिस्सा भी इसी क्षेत्र से आता है। संघर्ष के कारण ऊर्जा विकल्पों पर भी असर पड़ा है। एलएनजी कीमतें बढ़ने से भारत समेत कई देशों ने कोयला आधारित बिजली उत्पादन पर निर्भरता बढ़ाई है। व्यापार एवं आपूर्ति शृंखला पर असर को लेकर रिपोर्ट में कहा गया है कि 36 में से 25 देशों में मालभाड़ा शुल्क, युद्ध जोखिम बीमा, मार्ग परिवर्तन और देरी जैसी समस्याएं देखी गई हैं। भारत के कुल निर्यात का 14 प्रतिशत और आयात का 20.9 प्रतिशत पश्चिम एशिया से जुड़ा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बांग्लादेश पर भी असर पड़ा है जहां खाड़ी देशों की विमानन कंपनियों ने उड़ानें रद्द कर दीं और भारत-बांग्लादेश से भेजा गया माल फंस गया। खाद्य सुरक्षा पर प्रभाव के बारे में रिपोर्ट में कहा गया कि भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल और फिलीपीन जैसे देशों में धन प्रेषण (रेमिटेंस) में कमी के कारण खाद्य सुरक्षा पर दबाव बढ़ सकता है।

# मार्च में रूस से भारत का कच्चा तेल आयात तीन गुना होकर 5.3 अरब यूरो पर

- आयात बढ़ने की वजह मात्रा दोगुनी होना और वैश्विक कीमतों में उछाल
- फरवरी में गिरावट के बाद मार्च में फिर तेज हुई खरीद




**नयी दिल्ली:** भारत की मार्च, 2026 में रूस से कच्चे तेल की खरीद तीन गुना से अधिक होकर 5.3 अरब यूरो रही है। यह वृद्धि आयात मात्रा दोगुनी होने और वैश्विक तेल कीमतों में उछाल के कारण हुई। यूरोपीय शोध संस्था सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) की रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी में खरीद में गिरावट के बाद मार्च में भारत ने रूस से तेल की खरीद फिर तेज कर दी। रिपोर्ट में कहा गया कि मार्च, 2026 में भारत रूस से जीवाश्म ईंधन खरीदने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश रहा। इस दौरान भारत ने कुल 5.8 अरब यूरो के रूसी ईंधन उत्पादों का आयात किया, जिनमें कच्चे तेल की हिस्सेदारी 91 प्रतिशत (5.3 अरब यूरो) रही। शेष आयात में कोयला (33.7 करोड़ यूरो) और पेट्रोलियम उत्पाद (17.85 करोड़ यूरो) शामिल रहे। फरवरी में भारत, रूस से ऊर्जा आयात करने वाला तीसरा सबसे बड़ा देश था और कुल आयात 1.8 अरब यूरो रहा था। उस समय कच्चे तेल की हिस्सेदारी 81 प्रतिशत (1.4 अरब यूरो) थी। कोयले की हिस्सेदारी 22.3 करोड़ यूरो और पेट्रोलियम उत्पादों की 12.1 करोड़ यूरो थी। रिपोर्ट के अनुसार, मार्च में भारत के कुल कच्चे तेल आयात में चार प्रतिशत की कमी दर्ज की गई, लेकिन रूस से आयात दोगुना हो गया। यह वृद्धि अमेरिका द्वारा रूसी तेल पर एक महीने की प्रतिबंध छूट दिए जाने के बाद हुई। यह छूट पहले से समुद्र में मौजूद खेपों और पहले प्रतिबंधित जहाजों से हो रही आपूर्ति पर लागू थी। इसका उद्देश्य ईरान के साथ तनाव के बाद बढ़ी कीमतों को नियंत्रित करना था। इस छूट के बाद सरकारी रिफाइनरियों, जिन्होंने पहले रूस से तेल खरीद रोक दी थी, ने फिर से आयात शुरू कर दिया। रिपोर्ट में कहा गया कि मार्च में सबसे बड़ा बदलाव सरकारी रिफाइनरियों के आयात में देखा गया, जिसमें मासिक आधार पर 148 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह आयात मार्च, 2025 की तुलना में 72 प्रतिशत अधिक रहा, जिसका कारण वायदा बाजार में रूसी तेल की अधिक उपलब्धता बताया गया है। मैंगलुरु और विशाखापत्तनम स्थित सरकारी रिफाइनरियों ने नवंबर, 2025 के अंत में रूस से आयात रोक दिया था, लेकिन मार्च, 2026 में फिर से खरीद शुरू कर दी। फरवरी में भारत, चीन और तुर्किये के बाद तीसरा सबसे बड़ा आयातक था। रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी में रूस से भारत के कच्चे तेल आयात में 19 प्रतिशत की कमी आई थी, जबकि कुल आयात में नौ प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। इसके बावजूद रूस फरवरी में भी भारत का सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बना रहा और कुल आयात में उसकी हिस्सेदारी 20 प्रतिशत थी। सीआरईए ने कहा कि रूस अपने तेल निर्यात के लिए एशियाई बाजारों, खासकर भारत और चीन, पर अत्यधिक निर्भर है। 2026 की पहली तिमाही में रूस के कुल कच्चे तेल निर्यात का 90 प्रतिशत हिस्सा इन दोनों देशों को गया। यूरोपीय संघ द्वारा 21 जनवरी, 2026 से रूसी कच्चे तेल से बने उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध के बावजूद, मार्च में ऐसे 14 जहाजों ने यूरोपीय बंदरगाहों पर तेल उत्पाद उतारे, जो रूसी कच्चे तेल का उपयोग करने वाली रिफाइनरियों से जुड़े थे। यूरोपीय संघ द्वारा 21 जनवरी, 2026 से रूसी कच्चे तेल से बने उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध के बावजूद, मार्च में ऐसे 14 जहाजों ने यूरोपीय बंदरगाहों पर तेल उत्पाद उतारे, जो रूसी कच्चे तेल का उपयोग करने वाली रिफाइनरियों से जुड़े थे।

### घरेलू निवेशकों के दम पर पेटीएम बनी बहुलांश भारतीय स्वामित्व वाली कंपनी

**नयी दिल्ली:** डिजिटल भुगतान मंच पेटीएम का परिचालन करने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड मार्च, 2026 के अंत तक घरेलू निवेशकों की हिस्सेदारी बढ़कर 50.3 प्रतिशत होने के साथ बहुलांश भारतीय स्वामित्व एवं नियंत्रण वाली कंपनी बन गई है। यह वित्तीय-प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी के स्वामित्व ढांचे में एक अहम बदलाव को दर्शाता है। नियामकीय सूचना के मुताबिक, कंपनी में घरेलू संस्थागत निवेशकों की हिस्सेदारी मार्च तिमाही में बढ़कर रिकॉर्ड 23.1 प्रतिशत हो गई, जो तिमाही आधार पर 2.8 प्रतिशत अंक और सालाना आधार पर 9.1 प्रतिशत अंक अधिक है। घरेलू संस्थागत निवेशकों की हिस्सेदारी बढ़ाने में म्यूचुअल फंड कंपनियों की अग्रणी भूमिका रही। म्यूचुअल फंड की कुल हिस्सेदारी 14.3 प्रतिशत से बढ़कर 16.6 प्रतिशत हो गई, जबकि निवेश करने वाले कोषों की संख्या 36 से बढ़कर 41 हो गई।

## न्यूज अपडेट

### भारत का सोया खली निर्यात 63 प्रतिशत घटकर 60,000 टन पर सिमटा

**इंदौर (मध्यप्रदेश):** महंगी कीमतों और पश्चिम एशिया में तनाव के असर से भारत का सोया खली निर्यात मार्च में करीब 63 प्रतिशत घटकर महज 60,000 टन रह गया। प्रसंस्करणकर्ताओं के एक संगठन ने मंगलवार को यह अनुमान जताया। संगठन के अनुमान के मुताबिक, मार्च, 2025 में देश से 1.62 लाख टन सोया खली का निर्यात किया गया था। भारतीय सोयाबीन प्रसंस्करणकर्ता संघ (सोपा) के कार्यकारी निदेशक डी एन पाठक ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया,''भारतीय सोया खली के दाम अमेरिका, ब्राजील और अर्जेंटीना जैसे प्रमुख निर्यातक देशों की तुलना में लंबे वक्त से अधिक बने हुए हैं।' पाठक ने बताया, पश्चिम एशिया के संघर्ष के कारण ईरान के साथ ही संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), कुवैत और ओमान जैसे देशों में भारतीय सोया खली निर्यात की आपूर्ति बाधित हुई है। इससे निर्यात पर दबाव बढ़ा है।

### आयकर विभाग के कर्मचारी संगठनों ने 16 अप्रैल से चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी

नयी दिल्ली: आयकर विभाग के दो प्रमुख कर्मचारी संगठनों ने सरकार को चेतावनी दी है कि उनकी 'लंबित' मांगों और कामकाज के 'मुश्किल' हालात पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे 16 अप्रैल से चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेंगे। आयकर कर्मचारी महासंघ और आयकर राजपत्रित अधिकारी संघ की भागीदारी वाली संयुक्त कार्रवाई परिषद (जेसीए) विभाग के लगभग 97 प्रतिशत कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करती है। ये कर्मचारी सरकार के लिए राजस्व संग्रह का काम करते हैं। जेसीए ने छह अप्रैल को राजस्व सचिव को लिखे पत्र में कहा है कि वह अपनी 10-सूत्रीय मांगों पर केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की 'लगातार उदासीनता' के कारण यह कदम उठा रहा है। सीबीडीटी आयकर विभाग की नीतियां तय करता है।

### माल ढुलाई वाहन में अतिरिक्त भार पर अब प्रतिशत के आधार पर शुल्क, नए नियम 15 अप्रैल से

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने माल ढुलाई वाहनों में उनकी क्षमता से अतिरिक्त भार पर शुल्क संरचना में बदलाव किया है। अब राष्ट्रीय राजमार्गों पर अधिक भार लेकर चलने वाले वाहनों से जितना अतिरिक्त भार होगा उसी के आधार पर शुल्क वसूला जाएगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि उसने राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दर और संग्रह का निर्धारण) चौथा संशोधन नियम, 2026 अधिसूचित किया है, जिसका उद्देश्य प्रवर्तन को मजबूत करना और राष्ट्रीय राजमार्गों पर अतिरिक्त भार वाले वाहनों के लिए तर्कसंगत शुल्क संग्रह सुनिश्चित करना है। संशोधित नियम 15 अप्रैल, 2026 से प्रभावी होंगे। मंत्रालय के अनुसार, 10 प्रतिशत तक अतिरिक्त भार पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। 10 प्रतिशत से अधिक और 40 प्रतिशत तक अतिरिक्त भार होने पर मूल दर का दोगुना शुल्क लिया जाएगा, जबकि 40 प्रतिशत से अधिक अतिरिक्त भार पर मूल दर का चार गुना शुल्क वसूला जाएगा।

### बिहार के सभी 38 जिलों में एलपीजी-पीएनजी आपूर्ति के लिए छह कंपनियां अधिकृत: मुख्य सचिव

**पटना:** बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने मंगलवार को कहा कि पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने राज्य के सभी 38 जिलों में एलपीजी व पीएनजी आपूर्ति के लिए छह कंपनियों को अधिकृत किया है। उन्होंने बताया कि गैस की उपलब्धता बनाए रखने के लिए इन जिलों को 14 भौगोलिक क्षेत्रों में विभाजित किया गया है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित 'क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप' (सीएमजी) की बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि पाइप से मुहैया कराए जाने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) के कनेक्शन देने की गति में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई है। मार्च 2026 में यह संख्या बढ़कर लगभग 7,585 कनेक्शन प्रति माह हो गई। आठ अप्रैल 2026 तक राज्य में कुल एक लाख घरेलू पीएनजी (डी-पीएनजी) कनेक्शन चालू किए जा चुके हैं। शहर गैस वितरण (सीजीडी) कंपनियां इस गति को बढ़ाकर 9,000 से 12,000 कनेक्शन प्रति माह तक ले जाने के प्रयास कर रही हैं।

## समाज्ञा स्पोर्ट्स

### ब्रिटेन में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के बाद सूर्यकुमार के भविष्य पर हो सकती है चर्चा




**नयी दिल्ली:** सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में भारत ने भले ही टी20 विश्व कप के खिताब का सफल बचाव किया हो लेकिन उनकी बल्लेबाजी फॉर्म को देखते हुए सवाल उठने लग गए हैं कि क्या उन्हें 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए टीम में शामिल किया जाएगा या नहीं। इस संदर्भ में जून-जुलाई में भारत का इंग्लैंड और आयरलैंड का दौरा कप्तान के लिए महत्वपूर्ण होगा क्योंकि उनकी कप्तानी से कहीं अधिक उनकी बल्लेबाजी पर नजर रखी जाएगी। इस दौरे से यह तय हो सकता है कि क्या उन्हें 2028 में होने वाली बड़ी प्रतियोगिताओं तक टीम में बनाए रखा जाएगा या नहीं। वर्ष 2028 में अमेरिका में ओलंपिक और ऑस्ट्रेलिया में होने वाला टी20 विश्व कप शामिल हैं। सूर्यकुमार अब भी मुख्य कोच गौतम गंभीर की पहली पसंद बने हुए हैं, जिनका कार्यकाल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले 2028 टी20 विश्व कप तक बढ़ाए जाने की संभावना है। हालांकि यह देखना दिलचस्प होगा कि अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति गंभीर से सहमत होती है या नहीं, क्योंकि ओलंपिक के समय सूर्यकुमार की उम्र लगभग 38 साल हो जाएगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, 'सूर्या अभी टीम की कप्तानी कर रहे हैं। लेकिन उन्हें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि एक बल्लेबाज के रूप में वह अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखें। ब्रिटेन दौरे में वह कप्तानी करेंगे, लेकिन उसके बाद 2028 तक की चर्चा पूरी तरह से प्रदर्शन पर आधारित हो सकती है।' सूर्यकुमार के लिए 2025 का साल बेहद खराब रहा, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 120 से भी कम हो गया और वे एक भी अर्धशतक नहीं बना सके थे। उन्होंने 2026 में हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया और 160 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाए जिसमें चार अर्धशतक भी शामिल है। टी20 विश्व कप में हालांकि अमेरिका के खिलाफ पहले मैच को छोड़कर सूर्यकुमार का प्रदर्शन उल्लेखनीय नहीं रहा। उन्हें टीम में अपना स्थान बरकरार रखने के लिए अपने प्रदर्शन में हर हाल में निरंतरता लानी होगी। वैभव सूर्यवंशी का नाम टी20 टीम के लिए उन विशेषज्ञ खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है जिन्हें राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने जून-जुलाई में आयरलैंड दौरे के टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए संभावित खिलाड़ियों के रूप में चुना है।

# नूर अहमद की शानदार गेंदबाजी से चेन्नई ने केकेआर को 32 रन से हराया




**चेन्नई :** स्पिनर नूर अहमद की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को 32 रन से हरा दिया। इस हार के साथ केकेआर की पांच मैचों में यह चौथी पराजय रही, जबकि चेन्नई ने लगातार दूसरी जीत दर्ज कर लय हासिल करने के संकेत दिए।पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 192 रन बनाए। टीम को तेज शुरुआत संजू सैमसन और आयुष म्हात्रे ने दिलाई। सैमसन ने 32 गेंदों पर 48 रन बनाए, जबकि म्हात्रे ने 17 गेंदों में 38 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। दोनों ने पावरप्ले में ही टीम का स्कोर दो विकेट पर 72 रन तक पहुंचा दिया। मध्यक्रम में डेवाल्ड ब्रेविस (41) और सरफराज खान (23) ने उपयोगी योगदान दिया, जिससे टीम सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच सकी। जवाब में केकेआर की शुरुआत ठीक रही और एक समय टीम दो विकेट पर 79 रन बनाकर मजबूत स्थिति में दिख रही थी। कप्तान अजिंक्य रहाणे (28) और अंगकृष रघुवंशी (27) के बीच तीसरे विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी हुई, लेकिन इसके बाद टीम की पारी लड़खड़ा गई। नूर अहमद ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 21 रन देकर तीन अहम विकेट झटके, जिससे केकेआर की बल्लेबाजी पूरी तरह बिखर गई।केकेआर की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 160 रन ही बना सकी। रोवमैन पॉवेल (31 नाबाद) और रमनदीप सिंह (35) ने अंत में कुछ संघर्ष किया, लेकिन तब तक मैच चेन्नई की पकड़ में जा चुका था। इस जीत के साथ चेन्नई ने अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत की, जबकि केकेआर की चिंताएं बढ़ गई हैं।

### केकेआर के खिलाड़ियों ने सीडी गोपीनाथ की स्मृति में बांह पर काली पट्टी बांधी

**चेन्नई:** कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाड़ियों ने भारत के पूर्व क्रिकेटर सी डी गोपीनाथ की स्मृति में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मंगलवार को आईपीएल के मैच में बांह पर काली पट्टी बांधकर खेला। गोपीनाथ का नौ अप्रैल को 96 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। इंग्लैंड को हराकर 1952 में पहली बार टेस्ट जीतने वाली भारतीय टीम के आखिरी जीवित सदस्य गोपीनाथ देश के सबसे उम्रदराज टेस्ट क्रिकेटर थे।

### अंडर 17 दोस्ताना महिला फुटबॉल मैच में रूस से 0 . 3 से हारी भारतीय टीम

**सोच्चि (रूस):** भारत की अंडर 17 महिला फुटबॉल टीम मंगलवार को तीन मैत्री मैचों के दूसरे मैच में रूस से 0 . 3 से हार गई। रूस के लिये मालेरिया मेनियेलोवा ने 49वें और 52वें मिनट में गोल किये जबकि सोफिया स्वियात्नाया ने 18वें मिनट में पहला गोल दागा। इटली की पामेला कोंटी की कोचिंग में भारतीय टीम इन तीन मैचों के जरिये अगले महीने चीन में होने वाले एएफसी अंडर 17 महिला एशियाई कप की तैयारी कर रही है। पहले मैच में रूस ने 4 . 0 से जीत दर्ज की थी। तीसरा मैच 17 अप्रैल को खेला जायेगा।




विराट कोहली और ऋषभ पंत बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग मैच से पहले अभ्यास सत्र के दौरान

### आईसीसी ने संजू सैमसन को मार्च महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना




**दुबई:** भारत की टी20 विश्व कप की जीत के नायक संजू सैमसन को मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का मार्च महीने का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना गया। सैमसन को इस प्रतियोगिता के शुरुआती मैचों में अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली थी लेकिन बाद में जब उन्हें टीम में शामिल किया गया तो उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 46 गेंदों पर 89 रन बनाकर भारत को इस साल की शुरुआत में लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब जीतने में मदद की थी। सैमसन को यह मासिक सम्मान मिलने का मतलब है कि पिछले पांच महीनों में यह पुरस्कार किसी दूसरे देश के खिलाड़ी ने हासिल किया है। इस श्रेणी में पिछले चार खिलाड़ी साइमन हार्मर (दक्षिण अफ्रीका), मिचेल स्टार्क (ऑस्ट्रेलिया), डैरिल मिचेल (न्यूजीलैंड) और साहिबजादा फरहान (पाकिस्तान) शामिल हैं। सैमसन ने इस प्रदर्शन को अपने करियर का महत्वपूर्ण दौर करार दिया। उन्होंने कहा, 'आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल करना अविश्वसनीय अहसास है, विशेषकर इसलिए क्योंकि यह मेरे क्रिकेट करियर के सबसे अविस्मरणीय दौर में मिला है। पुरुष टी20 विश्व कप में भारत की जीत में योगदान देना सचमुच एक सपने के साकार होने जैसा था और उस पल के महत्व को पूरी तरह समझने में मुझे कुछ समय लगा।' सैमसन ने कहा, 'भारतीय क्रिकेट के लिए यह एक रोमांचक दौर है, जिसमें हर क्षेत्र में अपार प्रतिभा मौजूद है। मुझे जो अवसर मिले उनके लिए मैं आभारी हूं। मैं टीम के साथियों और कोचिंग स्टाफ का मुझ पर भरोसा दिखाने के लिए आभारी हूं जिसके कारण मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाया।' सैमसन ने टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ 89 रन बनाने से पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 97 और इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 89 रन बनाए थे।

### एशियाई लॉन बाउल्स में भारत को पुरुष पेयर्स और पुरुष फोर्स में स्वर्ण पदक

**नयी दिल्ली:** दिल्ली के खिलाड़ी नवनीत सिंह ने हाल ही में संपन्न एशियाई लॉन बाउल्स चैंपियनशिप में पुरुष पेयर्स और पुरुष फोर्स (चार खिलाड़ी) स्पर्धाओं में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में मदद की। दिल्ली पब्लिक स्कूल आरके पुरम में छह से 12 अप्रैल तक आयोजित टूर्नामेंट में भारत ने पुरुष पेयर्स के फाइनल में हांगकांग को 17-15 से और पुरुष फोर्स के फाइनल में मलेशिया को 19-6 से हराया। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार भारत ने पुरुषों की समग्र चैंपियन ट्रॉफी, समग्र टीम ट्रॉफी और चैलेंज ट्रॉफी जीती।

वर्ष 11, पूर्णांक 3563 अंक 029 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in